वर्ष- 22 अंक - 82 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, शुक्रवार 04 सितंबर 2026



## नंद घर आनंद भयो
### जय कन्हैया लाल की...

**शुक्रवार.** देशभर में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जा रही है। मासूम बच्चों ने राधा एवं कृष्ण का स्वरूप धारण किया है। चित्र में कृष्ण स्वरूप में सजा मासूम अवीर मूंगड।

## भीख मंगवाने के लिए 4 साल के बच्चे का किडनैप

**शुक्रवार.एजेंसी।** सुरेंद्रनगर के पाटडी बस स्टेशन इलाके से अगवा किए गए 4 साल के बच्चे को अहमदाबाद की सोला पुलिस ने सुरक्षित बरामद कर लिया है। पुलिस ने बच्चे के अपहरण के आरोप में 40 वर्षीय महिला रीमा उर्फ रमीला उर्फ टीनी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में महिला ने कथित तौर पर ट्रैफिक सिग्नल पर बच्चे से भीख मंगवाने के लिए अपहरण की बात कबूल की।

## दो फाड़ हुई कॉकरोच पार्टी, अलग गुट बना

**शुक्रवार.एजेंसी।** अभिजीत दिपके की कॉकरोच जनता पार्टी में फूट पड़ गई है। मनीष ब्रह्मभट्ट ने सीजेपी से अलग होकर अब कॉकरोच जनता पार्टी डेमोक्रेटिक सीजेपी-डी बनाई है। ब्रह्मभट्ट 2022 गुजरात चुनाव में निर्दलीय लड़े थे, उन पर 4 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# नेपाल में चमत्कार, 10 दिन बाद सुरंग से आई आवाज, दो को निकाला

## भारत में डीएनए सैंपल जमा कर सकेंगे लापता लोगों के परिजन



**काठमांडू.एजेंसी।** नेपाल में भोटेकोशी बाढ़ की तबाही के 10 दिन बाद जिंदगी की एक उम्मीद जगी है। रसुवा के त्रिशूली-3ए हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की सुरंग के अंदर से इंसानी आवाजें सुनाई दीं। इसके बाद सुरंग में बचाव अभियान तेज किया गया और दो लोगों को जिंदा बाहर निकाला गया। नेपाल की बाढ़ में अब तक 1259 लोगों की मौत हुई है। 5000 लोग अब भी लापता हैं।

नेपाल में 26 अगस्त को आई विनाशकारी बाढ़ के बाद अपनों की तलाश कर रहे परिवारों के लिए भारत सरकार ने अहम कदम उठाया है। बाढ़ में लापता लोगों की पहचान के लिए अब भारत में उनके करीबी रिश्तेदारों की डीएनए प्रोफाइल तैयार की जाएगी। इसके बाद इन डीएनए प्रोफाइल का मिलान नेपाल में मिले अज्ञात शवों से किया जाएगा।

### उप्र में 7 मरे

नेपाल और पहाड़ों पर भारी बारिश के कारण उत्तरप्रदेश में नदियां उफान पर आ गईं। भारी बारिश के कारण 7 लोगों की मौत हो गई। घर-दुकान डूब गए। पीलीभीत में 35 से ज्यादा गांव जलमग्न हो गए। कचहरी से कलेक्टर तक पानी भर गया।

# भारत ने अंतरिक्ष में भेजा 'नॉटी बॉय',

### *मोदी ने दी बधाई, देश के लिए बताया गर्व का पल*



**शुक्रवार.एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने सतीश धवन स्पेस सेंटर से जीएसएलवी-एफ17 रॉकेट से ईओएस-05 सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजा। यह सैटेलाइट जीआईसैट-1ए के नाम से भी जाना जाता है। इसका वजन करीब 2,367 किलोग्राम है। यह सैटेलाइट पूरे भारतीय भूभाग का चित्र हर 30 मिनट में ले सकेगा। यह सैटेलाइट आपदा प्रबंधन में बहुत काम आएगा। बाढ़, चक्रवात, जंगल की आग जैसी घटनाओं की रियल-टाइम निगरानी संभव होगी। कृषि में फसल की स्थिति, मिट्टी की नमी और वनस्पति की सेहत का आकलन किया जा सकेगा। जीएसएलवी-एफ17 की सफल लॉन्चिंग पर मोदी ने बधाई देते हुए इस उपलब्धि को देश के लिए गर्व का पल बताया।

# भारत के रुपए ने दिखाया दम



**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले मजबूत होकर 2 महीने के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में रुपया 94.27 प्रति डॉलर तक पहुंचा। यह 29 जून के बाद रुपये का सबसे मजबूत स्तर है। बुधवार को रुपया 94.98 पर बंद हुआ था। यानी एक दिन में रुपये की स्थिति में अच्छी मजबूती देखने को मिली। रुपये की मजबूती की एक बड़ी वजह भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से की गई डॉलर की बिक्री और देश में आया बड़ा फॉरेन रिजर्व इंफ्लो माना जा रहा है।

## शेयर बाजार में तगड़ा उछाल

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में शानदार तेजी आई है. शुक्रवार को सेंसेक्स खुलते ही तेज उछाल के साथ 594 अंक चढ़ गया और आज का हाई लेवल 76,746.80 को टच किया। इसी तरह, निफ्टी में भी अच्छी तेजी देखने को मिली। निफ्टी हरे निशान में खुला और फिर 76.4 अंकों की तेजी के साथ 23,949.85 के हाई पर पहुंच गया। बीएसई के टॉप 30 शेयरों में से सिर्फ 3 शेयर ही गिरावट पर कारोबार कर रहे थे, जबकि बाकी 27 शेयर तेजी पर रहे. सबसे ज्यादा तेजी टाटा ट्रेंट के शेयरों में देखी गई, जो 2.41 फीसदी चढ़ गया।

# सांसद धर्मवीर गांधी का नाम भी गायब

**पटियाला.एजेंसी।** आप से भाजपा में गए सांसद राघव चड्ढा का नाम वोटर लिस्ट से गायब होने के बाद पटियाला में कांग्रेस सांसद डॉ. धर्मवीर गांधी का नाम लिस्ट से हट गया। हालांकि बाद में उनका नाम वोटर लिस्ट में जुड़ गया, लेकिन अब उनके परिवार के चार सदस्यों को नोटिस जारी किए गए हैं। जिनमें उनकी पत्नी, बेटा, बेटी और बहू शामिल हैं।

# बलूच विद्रोहियों ने 25 पाक सैनिकों को मौत के घाट उतारा

**बलूच.एजेंसी।** पाकिस्तान के बलोचिस्तान में पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा बलों के खिलाफ दो अलग-अलग हमलों को लेकर बलोच लिबरेशन आर्मी यानी बीएलए ने 25 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया। बीएलए के मुताबिक, पहला हमला जियारत क्रॉस के पास पाकिस्तानी सेना के एक काफिले को निशाना बनाकर किया गया। संगठन ने दावा किया कि उसके लड़ाकों ने काफिले की दो गाड़ियों को नष्ट कर दिया और इस हमले में 18 सुरक्षाकर्मी मारे गए। संगठन ने दूसरे हमले का दावा सुराब के हाजीका इलाके में किया। बीएलए के मुताबिक, यहां उसके एसटीओएस ने रिमोट कंट्रोल से संचालित वाहन में विस्फोट किया। इस हमले में सात सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने का दावा किया गया है।

## अब स्कूल वैन के ड्राइवर ने किया रेप

**मुंबई.एजेंसी।** नवी मुंबई में तीन साल की बच्ची के साथ कथित रेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप स्कूल वैन के ड्राइवर पर लगा है। स्कूल की छुट्टी के बाद बच्ची वैन में अकेली रह गई थी और इसी दौरान ड्राइवर ने कथित तौर पर उसके साथ वारदात की। पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया।

## आरएसएस से चंदा न लेने की खाई कसम

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका में 90 से ज्यादा नेताओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े लोगों और संस्थाओं से राजनीतिक चंदा नहीं लेने का संकल्प लिया है। इनमें रो खन्ना और प्रमिला जयपाल समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल हैं। वहीं, हिंदू अमेरिकी संगठनों ने इस अभियान को भेदभावपूर्ण और हिंदू विरोधी बताते हुए सवाल उठाए हैं।

## हबीबी, पधारो ईरान!, ईरानी एंबेसी ने अमेरिका को यूं चिढ़ाया

**तेहरान.एजेंसी।** होर्मुज स्टेट में समुद्री माइंस के बढ़ते खतरे के बीच ईरान ने अमेरिका को खुली चुनौती दी है। सिएरा लियोन में ईरानी दूतावास ने माइन्सवीपर गेम की स्टाइल में एक वीडियो पोस्ट किया। इसके साथ लिखा गया- 'हबीबी यानी अंकल सैम, ईरान आओ!' 35 सेकंड के इस वीडियो में होर्मुज स्टेट का 3D मैप दिखाई देता है, जिस पर माइन्सवीपर गेम की तरह ग्रिड बना हुआ है। ईरानी दूतावास की यह पोस्ट ऐसे समय सामने आई है जब अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव लगातार बढ़ रहा है।





ब्रह्मलीन सन्नी यादव
आप दीर्घायु हो
जन्माष्टमी के पावन पर्व पर
म.प्र. कांग्रेस के महासचिव आदरणीय
के.के.यादव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
आज के विशेष कार्यक्रम
1. समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं कॉपी वितरण करके सम्मान किया जायेगा। 2. वृक्षारोपण - एक पेड़ माँ यशोदा के नाम।
3. ग्रुप द्वारा बोर्ड परीक्षा में जो प्रतिभावान छात्र सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किया उसे ग्रुप द्वारा यादव अहीर रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा।
4. समाज के प्रतिभावान व्यक्तियों का सम्मान किया जायेगा जैसे डॉ., वकील, समाज सेवी, खिलाड़ी, इंजीनियर आदि।
बधाईकर्ता: पारस इंटरप्राईजेस

# कांग्रेस में कल के बाद आज भी रहेगी रजिस्ट्रेशन के लिए छुट्टी

### कल से एक सूत्रीय कार्यक्रम, डोर-ट-डोर करो रजिस्ट्रेशन, 50 हजार नहीं 1 लाख होना चाहिए रजिस्टर्ड

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राहुल गांधी छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए इंदौर में 19 सितम्बर को आएंगे। पहले 12 सितम्बर का कार्यक्रम था और कांग्रेस ने कार्यक्रम को एक सप्ताह आगे बढ़ाया तो बैठक के बाद कल गुरुवार को कांग्रेसी ठंडे नजर आए। इधर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने सभी कांग्रेसियों को कह दिया है कि वे केवल एक सूत्रीय कार्यक्रम राहुल गांधी के छात्रों की गूंज पर ध्यान दें और रजिस्ट्रेशन कराएं, दूसरा कोई भी कार्यक्रम धरना, प्रदर्शन, के नहीं करें, इस कारण कल कांग्रेसियों की ठंडक नजर आई। आज शहर और जिला कांग्रेस ने सभी से कह दिया है कि वे भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी पर घर और मंदिरों में

### कल रात आया क्यूआर कोड, आज कांग्रेसियों को जन्माष्टमी की छुट्टी

आयोजन करें। इधर चिन्टू चौकसे ने बताया कि हम कल से बड़ी ताकत के साथ छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन कराएंगे। भाराछासं और युवक कांग्रेस कॉलेज में छात्रों से सम्पर्क करेंगे। वहीं महिला कांग्रेस भी अपने-अपने क्षेत्रों में और ब्लॉक कांग्रेस व मंडलम कांग्रेस पदाधिकारी भी बूथ स्तर पर अपने-अपने क्षेत्रों के घरों में पहुंचकर क्यूआर कोड के माध्यम से छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए छात्र और युवाओं के रजिस्ट्रेशन कराएंगे। रजिस्ट्रेशन में रजिस्ट्रेशन करने वालों को पूरा नाम, मोबाइल नम्बर, जेंडर और प्रदेश का नाम डालने के साथ फार्म ऑनलाइन ही सबमिट करना होगा। कल जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने वीडियो जारी कर युवाओं से छात्रों की गूंज कार्यक्रम से जुड़ने की अपील की है। वहीं चिन्टू चौकसे, संजय बाकलीवाल, डॉ. दौलत पटेल, शैलेष गर्ग, अमन बजाज, विनय बाकलीवाल, सत्यनारायण पटेल, दीपू यादव ने भी रजिस्ट्रेशन के लिए अपील जारी की है। कल के बाद आज भी कांग्रेसियों को छुट्टी मिली है और कल शनिवार से पूरी ताकत से कांग्रेस एक सूत्रीय कार्यक्रम क्यूआर कोड से छात्रों की गूंज के लिए रजिस्ट्रेशन कराएंगे।

## विधायक से मिला प्रतिमा के लिए प्रतिनिधि मंडल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अ.भा. वीरांगना झलकारी महासंघ द्वारा दशहरा मैदान संजीवनी क्लिनिक के समीप वीरांगना झलकारी देवी की प्रतिमा लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव की 17 अगस्त 2025 की घोषणा का हवाला भी दिया जा रहा है। अब कोली समाज का प्रतिनिधि मंडल विधायक मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ से मिला और प्रतिमा लगाने की मांग की। प्रकाश महावर कोली, नन्दराम मेहर, प्रहलाद टाटवाल, दिलीप खंडेलवाल, कर्नल मेहर, कुट्टी पेंटर, आदित्य मेहर, गजेन्द्र महावर मौजूद थे।

## पटवारी ने लिया तीन जैन संतों से आशीर्वाद

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**





प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ कांग्रेसियों ने कल चातुर्मास के लिए शहर में विराजित तीन बड़े संतों के दर्शन किए, जिनमें दो दिगम्बर और एक श्वेताम्बर जैन समाज के हैं। दलालबाग में सुधा सागर म.सा., आरटीओ रोड गार्डन में सुनील सागर म.सा. और बिजासन रोड पर महासती साध्वी डॉ. कुमुदलता म.सा. के चातुर्मास स्थल पहुंचकर पटवारी और कांग्रेसियों ने संत के दर्शन कर आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान चिन्टू चौकसे, संजय बाकलीवाल, आनन्द जैन कासलीवाल, विनय बाकलीवाल, अनुरोध जैन, सुधीर सेठिया, नकुल पाटोदी, जैनेश झांझरी, पिंकेश टोंग्या, हर्ष जैन, राजेश जैन, प्रकाश पटेल, सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल, निर्मल कासलीवाल, राजा चौकसे, लोकेश हार्डिया, प्रवीण पाटनी, राकेश गोधा, अशोक मंडलिक, हेमंत वोहरा, सहित अन्य मौजूद थे।

## कुशाभाऊ ठाकरे को याद करने पहुंचे भाजपाई



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कुशाभाऊ ठाकरे की आज जन्म जयंती है। आज सुबह डीआरपी लाइन के समीप शांतिपथ स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण करने भाजपाई पहुंचे। सुमित मिश्रा, पुष्यमित्र भार्गव, रमेश मेंदोला, सुदर्शन गुप्ता, दीपक जैन टीनू, भूपेन्द्र केसरी, सुरेन्द्र वाजपेयी, कृष्णमुरारी मोघे, निरंजनसिंह चौहान, राहुल जायसवाल, राजेन्द्र जायसवाल, माधुरी जायसवाल, मोनिका सबनीश, अश्विनी शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।



## पूर्व मंत्री पटेल को याद किया



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्व मंत्री निर्भयसिंह पटेल की जन्म जयंती आज चोइथराम मंडी स्थित प्रतिमा पर भाजपाइयों ने माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। विधायक मनोज पटेल, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, नितिन शर्मा, रितेश शर्मा, वरुण पाल, ओमप्रकाश आर्य, घनश्याम शेर, रानू अग्रवाल, सचिन बंसल, सुधीर कोल्हे, सुभाष सुनेर, सोनाली धारकर, सुशील शर्मा, सुभाष पाटीदार, सहित अन्य मौजूद थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री को पूर्व मंत्री ने बांधी राखी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को पूर्व मंत्री



उषा ठाकुर ने भाई-बहन के रिश्तों की मजबूत डोर राखी बांधी।

## सत्तन बोले-प्राधिकरण में बाहरी नहीं

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**



इंदौर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष पद पर भिंड-ग्वालियर क्षेत्र के नेता की सुगबुगाहट कल हुई तो वरिष्ठ भाजपा नेता और कवि सत्यनारायण सत्तन ने भी कहा कि इंदौर के लोग बाहरी बर्दाश्त नहीं करेंगे और भाजपा कार्यकर्ता भी इसे स्वीकार नहीं करेंगे। इंदौर भाजपा में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। ऐसे में बाहर के किसी व्यक्ति को प्राधिकरण में बैठाना शहर स्वीकार नहीं करेगा। सत्तन के इस बयान की जैसे ही इस सुगबुगाहट की बात सामने आई वैसे ही कई भाजपा नेता नाराजगी का भाव सोशल मीडिया पर दर्शाने लगे और सत्तन का वीडियो भाजपाई ग्रुप के सोशल मीडिया ग्रुप पर जमकर चलाया।

## मिश्रीलाल गंगवाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मध्य भारत के पूर्व मुख्यमंत्री मिश्रीलाल गंगवाल की पुण्यतिथि पर बिजासन रोड स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जैनेश झांझरी, वीरेन्द्र बड़जात्या, पवन जैन, सुरेंद्र जैन बाकलीवाल, नीलेश सेठी, सुनील गोधा, कैलाश वेद, नरेन्द्र गंगवाल, रमेश गंगवाल, जुगलकिशोर गंगवाल, जय गोधा सहित अन्य मौजूद थे।



## उद्योगपति गोयल का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दाल मिल उद्योगपति अग्रवाल समाज और लायंस से जुड़े संतोष गोयल का कल अवतरण दिवस पर मंडी व्यापारियों ने स्वागत किया। विधायक गोलू शुक्ला, मनोज काला, राजेश अग्रवाल राजा, मृदुल अग्रवाल, नीलेश अग्रवाल, रानू अग्रवाल, रितेश



विरांग, काशीनाथ गोयल, नरेश गर्ग, सुनील कोठारी, साहिल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, महेन्द्र डोसी, सुरेश हेड़ा, मुरली खंडेलवाल, प्रहलाद अग्रवाल, पप्पू वालेचा, दयालदास गंगवानी, सुशील मेहता, राजू, सोनू सहित अन्य मौजूद थे।

# भाजपा-कांग्रेस से जुड़े यादव समाजजन एक साथ मिलकर निकालेंगे शोभायात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भगवान कृष्ण के नाम भाजपा और कांग्रेस से जुड़े आज एकजुटता के साथ भगवान के जयकारों के साथ शाम 6 बजे से मूसाखेड़ी क्षेत्र के चौधरी पार्क स्थित वीर बालाजी हनुमान मंदिर गवली मोहल्ला से शोभायात्रा निकालेंगे। बड़ी संख्या में भाजपा-कांग्रेस के राजनेता भी नजर आएंगे। वहीं यादव समाजजन भी पूरे शहर से इस यात्रा में पहुंचेंगे। अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश यादव एवं दीपक यादव भगवान ने बताया कि यह यात्रा डीजे, गाड़ी और बैंडबाजों के साथ झांकियों के बीच निकाली जाएगी, भगवान के जयकारे भी लगेंगे। क्षेत्र में परिक्रमा कर



यह यात्रा वापस हनुमान मंदिर पहुंचेगी, रास्ते में जगह-जगह स्वागत होगा। दिनेश यादव, दीपक यादव, भागीरथ यादव, रमेश यादव, पार्षद मलखान कटारिया, दीपक राजोरिया, कमल यादव, संतोष यादव, कालू यादव, रवि यादव, अमर यादव, प्रशांत यादव, करण यादव, नवनीत यादव, श्याम यादव, आशीष यादव, विनोद यादव, पिंटू जोशी, दादू यादव, हेमराज यादव, सूरज जोशी, गोपाल यादव, लाला जोशी, जग्गा यादव, धर्मेंद्र यादव, अर्जुन यादव, नरेश पुरोहित, सतीश यादव, चंदन यादव, योगेश यादव मौजूद रहेंगे।

# 8 नोटिस भी बेअसर, 2 साल से लाइट का इंतजार; निगम ने ठेकेदार को किया ब्लैकलिस्ट

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सड़क के बीच डिवाइडर पर सेंट्रल लाइट लगाने का ठेका लेने के बाद भी दो साल तक काम शुरू नहीं करना ठेकेदार एजेंसी को भारी पड़ गया। इंदौर नगर निगम ने जोन-4 के वार्ड 13 में इंदौर वायर कंपनी चौराहे से रामबली नगर मुख्य मार्ग पर सेंट्रल लाइट लगाने वाली मेसर्स आइव्यू मल्टीनेशनल प्रायवेट लिमिटेड भोपाल का ठेका निरस्त कर दिया है। निगम ने एजेंसी की अर्नेस्ट मनी, परफार्मेंस गारंटी समेत जमा राशि राजसात कर ली है। साथ ही अगले दो साल तक नगर निगम इंदौर के किसी भी टेंडर में भाग लेने पर रोक लगा दी है।

## वर्कऑर्डर मिला, लेकिन मैदान में नहीं उतरी एजेंसी

सेंट्रल लाइट लगाने के लिए निगम ने एजेंसी को 19 सितंबर 2024 को वर्कऑर्डर जारी किया था। इसके बाद भी एजेंसी ने काम शुरू नहीं किया। करीब नौ महीने तक इंतजार करने के बाद विद्युत विभाग के सहायक यंत्री ने 19 जून 2025 को काम शुरू करने का नोटिस जारी किया। इसके बाद 18 सितंबर और 23 अक्टूबर को फिर नोटिस दिए गए। 7 नवंबर 2025 को नगर शिल्पज्ञ ने भी एजेंसी को काम शुरू करने के निर्देश दिए।

## अंतिम चेतावनियों का भी नहीं हुआ असर

निगम ने एजेंसी को 12 जनवरी 2026 और 16 मार्च 2026 को अंतिम नोटिस जारी किए। लगातार नोटिस के बावजूद न तो सेंट्रल लाइट लगाने का काम शुरू हुआ और न ही एजेंसी की ओर से नोटिस का जवाब दिया गया। इसके बाद अपर आयुक्त विद्युत विभाग ने 6 मई 2026 को टर्मिनेशन नोटिस जारी किया। 10 जुलाई 2026 को अंतिम टर्मिनेशन नोटिस के बाद निगम ने अनुबंध समाप्त करने की कार्रवाई पूरी कर दी।

## रात में अंधेरे से जूझ रहे रहवासी और वाहन चालक

इंदौर वायर कंपनी चौराहे से रामबली नगर तक यह प्रमुख मार्ग है। सेंट्रल लाइट नहीं होने से रात के समय सड़क का डिवाइडर और आसपास का हिस्सा पर्याप्त रोशनी से वंचित है। इससे वाहन चालकों के साथ राहगिरों को भी परेशानी हो रही थी। निगम अधिकारियों के मुताबिक एजेंसी को पर्याप्त अवसर और बार-बार नोटिस दिए गए, लेकिन काम शुरू नहीं किया गया। ऐसे में अनुबंध निरस्त करने के साथ जमा राशि राजसात और दो साल के लिए टेंडर में भाग लेने पर प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई की गई है।

# रविवार को अवकाश पर रहेंगे सफाई मित्र

## शहरवासी खुद संभालेंगे शहर की सफाई का जिम्मा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गोगा नवमी के अगले दिन याने की रविवार को इंदौर में सफाई मित्र अवकाश पर रहेंगे। इस दिन देश के सबसे स्वच्छ शहर को स्वच्छ रखने का जिम्मा शहर के नागरिक संभालेंगे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में राजवाड़ा से सफाई का अभियान शुरू होगा।

वाल्मीकि समाज के आराध्य देव श्री वीर गोगा जी का 5 सितंबर को गोगा नवमी पर्व होने से 6 सितंबर को सफाई मित्र अवकाश पर रहेंगे । इस दौरान शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित ना हो इस उद्देश्य से 6 सितंबर को शहर के विभिन्न स्थानों पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही शहर के विभिन्न संगठनों, रह वासियों, निगम अधिकारियों द्वारा अपने अपने झोन व वार्ड क्षेत्र में हम भी स्वच्छाग्रही महा जनभागीदारी अभियान चलाया जाएगा।

### झाडू थामकर राजबाडा से महापौर शुरू करेंगे सफाई अभियान

महापौर एवं आयुक्त द्वारा स्वच्छता महा जनभागीदारी अभियान के तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों के साथ ही विभिन्न संगठनो के माध्यम से अभियान में सम्मिलित होने एवं सफाई कार्य के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने के संबंध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव 6 सितंबर को प्रातः 7 बजे राजवाड़ा से स्वच्छता ग्राही अभियान का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने शहर के नागरिकों से अपील की है कि निगम के समस्त सफाई मित्र पूरे सालभर मौसम की परवाह किये बिना और पूरी शिद्दत से हमेशा फिल्ड में रहते हुए, सफाई अभियान को जारी रखते है। इस समय हम सभी का दायित्व है कि जिस दिन उनकी छुट्टी है, उस दिन हम अपने इंदौर शहर को साफ बनाने के लिये सफाई मित्रों के सम्मान में आए।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा शहर के विभिन्न स्थानो पर क्षेत्रीय विधायकगण, पार्षद, नागरिको, जनप्रतिनिधियो के साथ ही रहवासी संगठन, सामाजिक संगठन, धार्मिक संगठन, सिक्ख समाज, बैंकिग संगठन आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एसबीआई बैंक, यूको बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, मार्केट एसोसिएशन, लायंस क्लब एनएसएस, एनसीसी, बीएसएफ, 15वीं बटालियन, स्वयंसेवक संघ, एनजीओ टीम बेसिक्स, टीम डिवाईन, टीम एचएमएस, म्यूज, टीम एफएफसीटी के प्रतिनिधियो द्वारा स्वच्छता महा जनभागीदारी अभियान से अपने-अपने क्षेत्रो में सफाई अभियान में सम्मिलित होंगे।

# निगम का शिक्षक सम्मान समारोह कल

## इंदौर के शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों का होगा सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम के द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन कल शनिवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर किया गया है। इस कार्यक्रम में इंदौर शहर के शासकीय विद्यालयों के चयनित शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। निगम के सामान्य प्रशासन प्रभारी नंदकिशोर पहाडिया ने बताया कि इस वर्ष भी 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान का समारोह आयोजित किया गया है। राष्ट्रकवि एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण सत्तन, रिटायर शिक्षक मदन मोहन श्रीमान के मुख्य आतिथ्य, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, नगरीय विकास एवं अवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी के विशिष्ट आतिथ्य में 5 सितंबर प्रातः 11 बजे रविन्द्र नाटयगृह में शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकगण को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर समस्त विधायकगण, सभापति मुन्नालाल यादव, समस्त महापौर परिषद सदस्य गण, पार्षदगण व शिक्षकगण उपस्थित रहेंगे।

# शिक्षा के हब इंदौर को शिक्षक दिवस सम्मान समारोह में झटका

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पूरे मध्य प्रदेश में शिक्षा के हब के रूप में पहचाने जाने वाले इंदौर को शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में झटका लगा है। राज्य सरकार के द्वारा चयनित किए गए 33 शिक्षकों में से इंदौर का एक भी नहीं है। शिक्षा के क्षेत्र में पूरे मध्य प्रदेश में इंदौर को सबसे अग्रणी शहर माना जाता है।

**राज्य सरकार के द्वारा चयनित 33 शिक्षक में इंदौर का एक भी नहीं**

इसके पीछे कारण यह है कि यही एकमात्र ऐसा शहर है जहां पर की आईआईटी और आईआईएम जैसे उच्च और तकनीकी शिक्षा के संस्थान है। इसके साथ ही प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक के लिए इंदौर में सभी नामी और प्रतिष्ठित संस्थान काम कर रहे हैं। यदि सरकारी स्कूलों की शिक्षा के मामले को भी देखा जाए तो इंदौर में सरकारी स्कूलों के भवन किसी निजी स्कूलों की तुलना में ज्यादा अच्छे और सुविधाजनक बन गए हैं। सरकारी स्कूलों में भी शिक्षा का स्तर पूर्व की तुलना में बहुत बेहतर होता हुआ नजर आ रहा है। कल शनिवार को शिक्षक दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य सरकार के द्वारा प्रदेश के श्रेष्ठ शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय सम्मान समारोह के लिए चयनित किए गए शिक्षकों के नाम की सूची कल शाम को जारी कर दी गई। इस सूची में 33 शिक्षकों के नाम लिए गए हैं। इसमें से 18 शिक्षक प्राथमिक विद्यालय के हैं जबकि 15 शिक्षक माध्यमिक विद्यालय के हैं। इसमें इंदौर के एक भी शिक्षक का चयन नहीं हो सका है। इस सूची की जानकारी मिलने के बाद शिक्षक वर्ग में अफसोस की स्थिति बन गई है।

# जन्माष्टमी पर इंदौर में हुई आधा इंच से ज्यादा बारिश

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जन्माष्टमी त्यौहार पर आज शहर में सुबह-सुबह बारिश हो गई। इस दौरान आधा इंच से ज्यादा पानी गिर गया। इस बारिश के कारण मौसम में भी हल्का सा बदलाव आया और लोगों को राहत मिल सकी।

बारिश के होने का इंतजार किया जा रहा था। बारिश के जैसा मौसम तो बार-बार बन रहा था लेकिन बारिश नहीं हो रही थी। इसके चलते हुए इस मौसम में भी लोगों को तेज गर्मी महसूस होने लगी थी। मौसम की इस बेरुखी के कारण बड़ी संख्या में लोग बीमार होकर अस्पताल पहुंच रहे थे। पूरे शहर में वायरल फैला हुआ है। हर घर में एक व्यक्ति सर्दी खांसी बुखार से पीड़ित होकर चिकित्सक का उपचार प्राप्त कर रहा है। इस साल इंदौर में बारिश का कोटा अभी बहुत ही ज्यादा कम हुआ है। शहर के तालाब भी खाली पड़े हुए हैं। ऐसे में सावन के सूखा बीत जाने के बाद अब शहर की सारी उम्मीद भादो के महीने से लगी हुई है। इस भादो के महीने में भी अभी तक कोई जोरदार बारिश नहीं हुई है। इस महीने में पहली बार आज जन्माष्टमी के मौके पर शहर में सुबह-सुबह तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार इस समय पर 17.4 मिली मीटर पानी बरस गया, जो कि आधा इंच से ज्यादा होता है। इस बारिश के साथ इंदौर की उम्मीद जगी है। यह अपेक्षा रखी जा रही है कि आज शाम तक एक बार फिर जोरदार बारिश होगी और रात के समय पर भी बारिश हो सकेगी। अब यह देखना होगा की हकीकत के धरातल पर यह उम्मीद कितनी खरी साबित होती है। मौसम विभाग ने आज रात तक इंदौर में पानी का मौसम बना रहने और रुक रुक कर पानी होने की चेतावनी भी दी है।

**मौसम में आया हल्का सा बदलाव, लोगों को मिली राहत**

# इंदौर मेट्रो रेल का शुभारंभ कल

## मुख्यमंत्री के द्वारा किया जाएगा शुभारंभ अब रेडिसन होटल तक चलेगी मेट्रो रेल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट। शहर में मेट्रो रेल के कमर्शियल रन का शुभारंभ कल शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा किया जाएगा। इस शुभारंभ समारोह के साथ ही इंदौर में मेट्रो रेल 17.5 किलोमीटर की दूरी पर चलना शुरू हो जाएगी। इस दूरी में मेट्रो रेल के 16 स्टेशन आएंगे और नागरिकों को सफर में आसानी मिलेगी। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक चैतन्य ने बताया कि 17.5 किलोमीटर के क्षेत्र में मेट्रो रेल के कमर्शियल संचालन को शुरू करने के लिए कल शनिवार को इंदौर में शुभारंभ समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह को ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित करने का विचार है। इस शुभारंभ समारोह के साथ मेट्रो रेल गांधीनगर से होटल रेडिसन तक चलना शुरू हो जाएगी। इसके पहले गांधीनगर से सुपर कॉरिडोर तक के क्षेत्र में पांच स्टेशन पर मेट्रो रेल का संचालन शुरू किया गया था। अब 11 और स्टेशन तक मेट्रो रेल जाएगी। इस तरह इस शुभारंभ समारोह के साथ इंदौर के नागरिकों को मेट्रो रेल में सफर का रास्ता खुल जाएगा।

# के.के. यादव के जन्मदिन पर दोपहर में पौधारोपण और सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संस्था यादव अहीर युवा स्ट्रांग ग्रुप एवं समस्त यादव अहीर समाज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी का पर्व आज मनाया जा रहा है। संस्था के संरक्षक पूर्व पार्षद के.के. यादव का भी आज जन्मदिन है। इस अवसर पर संस्था के बैनरतले आयोजन होगा। कार्यक्रम संयोजक पार्षद शिवम यादव ने बताया कि भगवान कृष्ण के साथ के.के. यादव के जन्मदिन पर आज दोपहर 12 से संध्या 4 बजे तक पौधारोपण, प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सांवेर रोड स्थित सनी रिसोर्ट पर किया जा रहा है। छात्रों के सम्मान के साथ उन्हें शिक्षण सामग्री भी भेंट की जाएगी। समाजजनों का सम्मान भी होगा। 11 हजार पौधों का लक्ष्य है। आज 121 पौधे लगाकर अभियान की शुरूआत की जाएगी। महाआरती के बाद फरियाली और भोजन प्रसादी का आयोजन होगा।

# आज रात बड़ा मटकी फोड़ आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संस्था सृजन के बैनरतले आज कृष्ण जन्माष्टमी पर रात 8 बजे से सागर ज्यूस के समीप गौराकुण्ड पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। विजेता को 51 हजार का इनाम दिया जाएगा। कमलेश खंडेलवाल, तनूजा खंडेलवाल ने बताया कि मुंबई तक के लोग मटकी फोड़ने के लिए आ रहे है।




























विक्रम सम्वत् 2083, कृष्ण पक्ष, अष्टमी (4 सितम्बर 2026, शुक्रवार)

घर-घर गोकुल, घर-घर गोपाल

मध्यप्रदेश के 55 जिलों के 111 स्थानों पर सांस्कृतिक आयोजन

7500 से अधिक श्रीकृष्ण मंदिरों में साज-सज्जा, भव्य जन्मोत्सव में प्रदेश के 1500 से अधिक कलाकारों की भागीदारी

मुख्यमंत्री निवास पर विशेष आयोजन

| श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका | मलखंब | फूलों की होली | भजन गायन | मटकी फोड़ |
|---|---|---|---|---|
| कविता शाजी एवं ग्रुप, भोपाल | डॉ. आशीष मेहता, उज्जैन | जुगलकिशोर नामदेव, सागर | तनिष्क शुक्ला एवं ग्रुप, जबलपुर | 101 बच्चे राधाकृष्ण की वेशभूषा में होंगे शामिल |

भूमिपूजन

शौर्य, आस्था और संस्कृति का नया धाम, अलौकिक आभा और दिव्यता का संगम श्री परशुराम श्रीकृष्ण लोक का भूमिपूजन
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 4 सितम्बर 2026 । जानापाव, इंदौर

29 अगस्त से 04 सितम्बर, 2026 — श्री रासलीला समारोह, रवीन्द्र भवन, भोपाल
02 से 06 सितम्बर, 2026 — श्री नारायणा धाम मंदिर प्रांगण, नारायणा (उज्जैन)
02 से 04 सितम्बर, 2026 — सांदीपनि आश्रम, उज्जैन
02 से 04 सितम्बर, 2026 — श्री रामलीला चौक, महिदपुर (उज्जैन)
02 सितम्बर 2026 — श्री बलदेवजी मंदिर परिसर, पन्ना
03 एवं 04 सितम्बर, 2026 — जुगल किशोर मंदिर प्रांगण, पन्ना
03 एवं 04 सितम्बर, 2026 — थाना परिसर के पीछे, अमझेरा (धार)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राधा कृष्ण मंदिर<br>पीपलझर, खरगौन | सत्यनारायण मंदिर<br>बड़वाह, खरगौन | राधा कृष्ण मंदिर<br>पिपलिया बुजुर्ग, खरगौन | राधा कृष्ण मंदिर<br>सनावद, खरगौन | राधा कृष्ण मंदिर<br>ओझर, बड़वानी | नमः शिवाय मिशन शिव कोठी<br>ओंकारेश्वर, खण्डवा | श्री राधा कृष्ण मंदिर<br>नरसिंहगढ़, राजगढ़ | श्री राधाकृष्ण मंदिर<br>ब्यावर, राजगढ़ | श्री कृष्ण मंदिर<br>सारणी, बैतूल |
| स्वामीनारायण मंदिर<br>सीहोर | श्री राधा कृष्ण सरकार मंदिर<br>बैरसिया, भोपाल | राधा कृष्ण मंदिर<br>चंद्रपुरा, मंदसौर | रणजीत हनुमान मंदिर<br>जावरा, रतलाम | श्री राधे श्याम मंदिर<br>रतलाम | श्री खाटू श्याम मंदिर<br>उज्जैन | शिव राम कृष्ण मंदिर<br>नीमच | श्री राधा कृष्ण मंदिर<br>महिदपुर, उज्जैन | श्रीराम मंदिर<br>आगर-मालवा |
| बावड़ी मंदिर<br>धार | श्री राम राधाकृष्ण मंदिर<br>नरसिंहपुर | राधा वल्लभ मंदिर<br>रायसेन | राधाकृष्ण मंदिर<br>राजगढ़ | राधे कृष्ण मंदिर<br>बैतूल | द्वारकाधीश मंदिर<br>ग्वालियर | राधा बल्लभ मंदिर<br>भिण्ड | गंगा दास की बड़ी शाला<br>ग्वालियर | सिद्धेश्वर मंदिर<br>शिवपुरी |
| श्री गोपाल मंदिर<br>गुना | नंद किशोर मंदिर<br>दतिया | श्री बिहारी जी का मंदिर<br>दतिया | राम जानकी मंदिर<br>रायसेन | बिहारी जी मंदिर<br>सागर | देव जानकी बडा मंदिर<br>सागर | राधा कृष्ण मंदिर<br>रायसेन | राधाकृष्ण मंदिर<br>रसूलपुर त्योंदा, रायसेन | कृष्ण मंदिर<br>गुलाबगंज, विदिशा |
| राधा कृष्ण चौपड़ा मंदिर<br>तिली वार्ड, सागर | पहलवान बब्बा मंदिर<br>सागर | राधा कृष्ण मंदिर<br>गैरतगंज, रायसेन | लक्ष्मीनारायण बिड़ला मंदिर<br>भोपाल | खाटू श्याम मंदिर<br>विदिशा | श्याम मंदिर<br>हरदा | श्रीकृष्ण मंदिर<br>तिशा बाजार, रायसेन | श्रीकृष्ण मंदिर<br>सांची, रायसेन | श्री राम जानकी मंदिर<br>चित्रकूट, सतना |
| श्री व्यंकटेश मंदिर<br>मुख्तियार गंज, सतना | श्री राम जानकी मंदिर<br>मैहर | श्री लक्ष्मण बाग मंदिर<br>रीवा | सर्वेश्वर मंदिर<br>सिंगरौली | श्रीकृष्ण मंदिर गोपाल दास मंदिर<br>सीधी | श्री राम मंदिर<br>कटनी | श्री कृष्ण मंदिर<br>छिंदवाड़ा | नरसिंह मंदिर<br>अलीराजपुर | राधा कृष्ण मंदिर<br>पांढुर्णा |
| राधा कृष्ण मंदिर<br>शाजापुर | राधा कृष्णा मंदिर<br>अशोक नगर | माजिसा राधा कृष्ण मंदिर<br>झाबुआ | साँवरिया सेठ मंदिर<br>धार | राधा कृष्ण मंदिर<br>बुधनी, सीहोर | राधा कृष्णा मंदिर<br>देवास | श्री द्वारकाधीश राधा कृष्ण मंदिर<br>सिवनी | श्री कृष्ण मंदिर<br>नरसिंगपुर | श्री सागरेश्वर नाथ<br>उमरिया |
| रामकृष्ण मंदिर<br>बालाघाट | लक्ष्मी नारायण मंदिर<br>शहडोल | रामकृष्ण कुटीर (सांधा)<br>अमरकंटक, अनूपपुर | राधा कृष्ण मंदिर<br>मण्डला | राधा कृष्ण मंदिर<br>डिंडोरी | श्री राम मंदिर प्रांगण<br>बुरहानपुर | खंडिया वाले हनुमान जी मंदिर<br>निवाड़ी | कृष्ण मंदिर हनुमान चौक<br>देवास | राधा कृष्ण मंदिर<br>जबलपुर |
| श्री कृष्ण शिव मंदिर परिसर<br>औबेदुल्लागंज, रायसेन | खाटू श्याम मंदिर<br>ब्यावरा, राजगढ़ | इस्कॉन मंदिर<br>उज्जैन | श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर<br>भोपाल | राधा कृष्ण मंदिर<br>पिपरिया, नर्मदापुरम | कुण्डलेश्वर<br>टीकमगढ़ | सोमेश्वर महादेव मंदिर<br>भोपाल | श्री राधाकृष्ण मंदिर<br>मंडीदीप, जिला रायसेन | राधा कृष्ण मंदिर<br>मुरैना |
| श्री राधा कृष्ण मंदिर<br>रतनगमा, मऊगंज | माँ बिरासनी क्रिकेट स्टेडियम<br>पाली (उमरिया) | मानस भवन सभागार<br>शहडोल | महिष्मति घाट<br>मण्डला | परशुराम जन्मस्थली<br>जानापाव, महू | कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम<br>रीवा | मानस भवन सभागार<br>दमोह | श्रीराधा-कृष्ण मंदिर<br>खातेगाँव, देवास | गोपाल मंदिर<br>उज्जैन |
| रणछोड़ मंदिर<br>आगर-मालवा | राधा कृष्ण मंदिर<br>जामगढ़, रायसेन | राधेश्यामजी मंदिर<br>राधौगढ़, गुना | श्रीकृष्ण मंदिर<br>तराना, उज्जैन | राधाकृष्ण मंदिर<br>मितरवार, ग्वालियर | श्रीराधा-माधव मंदिर<br>बिजावर, छतरपुर | श्रीराधा-कृष्ण मंदिर<br>बदरवास,शिवपुरी | श्रीनाथद्वारा जी मंदिर<br>झाबुआ | नाथद्वारजी मंदिर<br>जावद, नीमच |
| | | द्वारकाधीश मंदिर<br>मनासा, नीमच | श्रीराधाकृष्ण मंदिर<br>मल्हारगढ़, मंदसौर | श्री कल्याणरायजी की हवेली<br>खिलचीपुर,राजगढ़ | चक्रधारी मंदिर<br>अम्बाह, जिला-मुरैना | श्रीगोपाल-कृष्ण जी मंदिर<br>देपालपुर, इंदौर | D-11105/26 | |

श्रीकृष्ण पाथेय न्यास
मध्यप्रदेश शासन
संस्कृति विभाग का आयोजन

सहभागिता
स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विकास, जनसंपर्क विभाग



# आज मनाई जा रही है भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी

## गोपाल मंदिर, बांके बिहारी मंदिर और यशोदा माता मंदिर में हुई सजावट, सुबह से आस्था की दरकार

### यशोदा माता से आशीर्वाद लेकर गोद भराई का आयोजन भी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भगवान कृष्ण का आज जन्माष्टमी पर्व मनाया जा रहा है। आज गोपाल मंदिर, बांके बिहारी मंदिर, यशोदा माता मंदिर में बड़ी संख्या में भगवान कृष्ण के भक्तों के साथ जन्माष्टमी पर्व रात 12 बजे भगवान की आरती के साथ मनाया जाएगा। प्रसाद का वितरण भी होगा, मंदिर में रोशनी की गई है। राजवाड़ा क्षेत्र, खजूरी


यशोदा माता मंदिर गोद भराई...


बांकेबिहारी मंदिर


गोपाल मंदिर


वेंकटेश मंदिर छत्रीबाग

बाजार में आज शाम से ही श्रद्धालुओं की बडी भीड़ होगी। आज देश-प्रदेश के साथ इंदौर में भी भगवान की जन्माष्टमी का धार्मिक पर्व मनाया जा रहा है। यशोदा माता मंदिर में महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम भी हो रहा है, जो कल भी जारी रहेगा। वहीं आज घर-घर में भगवान कृष्ण की आराधना अवतरण दिवस पर हो रही है। मंदिरों में सुबह से ही भगवान के विशेष श्रृंगार दर्शन हो रहे हैं। कई मंदिरों में श्रृंगार किया गया और झांकियां भी सजाई गई है। इस्कॉन मंदिर में भी धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं। आज मुख्य आयोजन मंदिर में होंगे। गीता भवन, विद्या धाम, हंसदास मठ, अन्नपूर्णा मंदिर, जानकीनाथ, गोवर्धननाथ मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर महेश नगर, बद्री विशाल मंदिर, नृसिंह मंदिर नृसिंह बाजार एवं छत्रीबाग, मदनमोहन मंदिर गोराकुण्ड सहित अन्य मंदिरों में आयोजन हो रहे हैं। मंदिरों में सुबह से श्रद्धालु अपने कृष्ण भगवान के साथ माता रूक्मणी के भी दर्शन कर रहे हैं, कई जगह भगवान के अलग-अलग स्वरूपों के दर्शन, अलग-अलग मंदिरों में हो रहे हैं। भगवान श्रीहरि विष्णु के अवतारों के दर्शन आज हो रहे हैं। भगवान कृष्ण भी भगवान विष्णु के अवतार है।

## तुलसी नगर अनंतेश्वर धाम में जन्माष्टमी

### खाटू श्याम भजन संध्या कल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** तुलसी नगर के वीर सावरकर उद्यान स्थित श्री अनंतेश्वर धाम में इस वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन आज किया जा रहा है। कार्यक्रम रात्रि 8 बजे महा आरती के साथ शुरू होगा। रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन होगा। आरती और प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी होगा। कल 5 सितम्बर को खाटू श्याम भजन संध्या में गायक लखन नागर भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। कल महाप्रसादी का आयोजन भी होगा।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान में हुआ जन्माष्टमी आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ब्रह्माकुमारीज ज्ञानदीप भवन श्री सांई गंगोत्री विहार में आज सुबह योग और मुरली क्लास के बाद जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। झांकी और झूला दर्शन का आयोजन भी हुआ। ईश्वरीय रक्षा सूत्र बंधन का आयोजन भी किया। उक्त जानकारी ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने दी।

## मारुति हनुमान मंदिर में जन्माष्टमी कल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव कल 5 सितंबर को मनेगा। महंत मंगलदास महाराज खाकी ने बताया कि कल दोपहर मेडिकल कॉलेज छात्रों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी, मटकी फोड़ प्रतियोगिता होगी, भगवान को झूला झुलाया जाएगा, झांकी सजाई जाएगी। कल रात्रि में जन्म आरती और प्रसाद का वितरण होगा।



## गिरिराजधरण स्वरूप में सजे अलीजा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जन्माष्टमी पर आज पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर पर विशेष श्रृंगार किया गया। हनुमानजी को गिरिराजधरण स्वरूप में सजाया गया। सुबह से दर्शनार्थियों की कतार लगी है। देर रात तक उत्सव होगा।

## माहेश्वरी स्कूल में विद्यार्थियों ने किया आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी स्कूल छत्रीबाग में नन्हे विद्यार्थियों के बीच कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया। राधा कृष्ण की वेशभूषा में विद्यार्थी पहुंचे। माखन-मिश्री का प्रसाद वितरण किया। देवेन्द्र बाहेती, शैलेष सोढानी, दिनेश कांसट, प्रतिभा कानूनगो, वंदना ओझा सहित अन्य मौजूद थे।





## राधा और कृष्ण बनकर पहुंचे मासूम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सोमानी नगर स्थित नरर्च मांटेसरी में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। मासूम राधा और कृष्ण बनकर पहुंचे। प्रियल अग्रवाल ने बताया कि लाभांशी आगार, युवान राठौर, प्राणवी मूंदड़ा, अव्यान जैन, सौभाग्य, प्रियंक, माधव शर्मा, एकांश, कियान राठौड़, रियांशी, निर्मित नागर ने उत्सव में भाग लिया। बच्चों की माताएं भी यशोदा बनकर पहुंची।



## सिंधी महिलाओं ने मनाया थदडी पर्व



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सिंधी समाज की महिलाओं ने कल थदडी पर्व मनाया। शीतला माता को ठण्डे प्रसाद का भोग लगाकर पूजन करने के साथ परिवार की खुशहाली की कामना की गई।

सिंधी महापंचायत की प्रचार प्रमुख चांदनी नरेश फुंदवानी ने बताया कि शीतलामाता के पूजन के बाद ठंडा प्रसाद परिजनों के साथ बहन-बेटियां और बच्चों ने भी ग्रहण किया। थदड़ी माता को भी याद किया गया। रीना जवरानी, सुनीता सचदेव ने बताया कि बडी संख्या में सिंधी समाजजन और मातृशक्तियां मौजूद रहे।

## निजानंद सागर म.सा. की जयंती पर आज रात आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** निजानंद सागर म.सा. की जन्म जयंती पर आज रात 8 बजे रामाशाह मंदिर, मल्हारगंज, पंच लश्करी गोठ मोदीजी की नसिया एवं रामाशाह मंदिर, विहर्ष सागर भक्त मंडल, विराग युवा मंच इंदौर, सकल दिगंबर जैन समाज, धर्म प्रभावना समिति, पुलक जन चेतना मंच, दिगंबर जैन महासमिति, सामाजिक संसद इंदौर, निजानंद सागर भक्त मंडल द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जैन समाजजन परिवार सहित मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी पंकज-पवन जैन ने दी।

## गुणानुवाद सभा का आयोजन




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आचार्य 108 निजानन्द सागर म.सा. के अवतरण दिवस पर श्री दिगम्बर जैन लश्करी मन्दिर गौराकुंड पर गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया। आयोजन से श्री निजानन्दसागर भक्त मंडल दिगम्बर जैन महासमिति इंदौर समिति जुड़ी रही। जैनेश झांझरी, वीरेन्द्र बड़जात्या, पवन जैन, सुरेंद्र जैन बाकलीवाल, नीलेश सेठी, सुनील गोधा, कैलाश वेद, नरेन्द्र गंगवाल, रमेश गंगवाल, जुगलकिशोर गंगवाल, जय गोधा सहित अन्य मौजूद थे।

## संस्था अग्र दया के सदस्यों के लिए हनुमान अंश फिल्म

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था अग्र दया कपल्स ग्रुप के सभी सदस्यों को परिवार सहित धार्मिक फिल्म नीम करौली बाबा पर आधारित 'हनुमान अंश' का आयोजन आईनाक्स मल्टिप्लेक्स में किया गया। सीता जगदीश गोयल, मुक्ती गोपाल अग्रवाल, आशीष गोयल के मुख्य आतिथ्य में तुलसीजी के पौधों का सभी सदस्यों को वितरण किया गया। प्रज्ञा नीलेश अग्रवाल, आरती अरुण गोयल, नम्रता राजेश गर्ग, पिंकी पंकज अग्रवाल, सोनम शेखर गोयल एवं निकिता सौरभ सिंघल मौजूद थे।






## जैन ग्रुप की मातृशक्तियों ने किया पौधारोपण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दिगम्बर जैन जूनियर महिला संगठन छावनी द्वारा ग्राम बिहाड़िया स्थित एक उद्योग परिसर में संगठन की सदस्याओं ने बड़े स्तर पर पौधारोपण किया गया। एम.के. जैन ने बताया कि इस अवसर पर संगीता सेठी, प्रिया गोधा, राजेश काला, बेला पाटनी, सपना वेद, ऋचा अजमेरा सहित अन्य मौजूद थे।

## जैन संत ने दी पर्युषण पर्व में तप-आराधना की प्रेरणा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** केशरी वाटिका एयरपोर्ट रोड पर चल रहे श्री सौधर्म बृहत्तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ, इंदौर के चातुर्मासिक प्रवचन में जैन संत सिद्धरत्न विजय म.सा. एवं विद्वदरत्न विजय म.सा. ने धर्मसभा को संबोधित किया। संत ने अलग-अलग प्रेरक प्रवचन दिए। पर्यूषण पर्व में तप अराधना का महत्व भी बताया और प्रेरणा भी दी। मृत्यु निश्चित है, लेकिन वह किसी आहट या सूचना के साथ नहीं आती। व्यक्ति सोते, बैठते, चलते या बात करते हुए भी संसार से विदा हो सकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि जीवन का कोई भी क्षण निश्चित नहीं है। उन्होंने आत्मा, शरीर और मकान की अस्थायित्व की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि वास्तव में 'मैं' आत्मा हूं और शरीर आत्मा का निवास है। जब सब कुछ अस्थायी है तो जीवन के उद्देश्य और परिणाम को समझकर कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने धर्मक्रियाओं को भी समझकर करने पर जोर दिया। प्रतिक्रमण, सामायिक, पूजा और गुरुवंदना जैसी क्रियाएं केवल परंपरा अथवा औपचारिकता के लिए नहीं, बल्कि आत्मकल्याण के लिए हैं। जब तक धर्मक्रिया के वास्तविक उद्देश्य को समझकर भावपूर्वक नहीं किया जाएगा, तब तक उसका पूर्ण लाभ प्राप्त नहीं हो सकता। बडी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहे। भाई-बहनों के उपवास भी जारी है। कई तपस्याएं भी पूर्ण हुई है। सिद्धि तप में भी आराधना हो रही है। उक्त पूर्ण जानकारी मीडिया समन्वयक राजेश जैन युवा ने दी।



# गोगादेवजी की नवमी पर कल 28 बस्तियों से पहुंचेंगे राजबाड़ा

## कामगार संघ ने कहात्योहार मिलकर मनाएं

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इन्दौर नगर अनुसूचित जाति एवं निगम कर्मचारी कामगार संघ के महेश गौहर, सूरज गौहर ने बताया कि कल गोगादेवजी की नवमी पर आयोजन किए जाएंगे। घरों पर भी पूजन होगा और मंदिर पर भी सुबह से आस्था की दरकार होगी। कल शाम से देर रात तक 28 बस्तियों से वाल्मीकि समाजजन गोगा देव के झंडे और झांकियों के साथ राजबाडा पहुंचेंगे। झांकियों में रोशनी भी रहेगी, छडी निशान भी आस्था के साथ राजबाडा लाए जाएंगे। पंढरीनाथ मैढ़ी पर भी आस्था की दरकार होगी, वहां भी कल सुबह से पूजन होगा। सभी समाजों से कल राजबाडा पहुंचने की अपील की गई है। यह अपील महेश गौहर, सूरज गौहर, राजपाल मेलाना, श्याम अजयपाल, संतोषदेवी गौसर, सीमा नरवाले, रानू सेन, कविता करोसिया, नितेश टांक, शकुन कलोसिया,राखी गौहर, निकेता पहलवान, मनोज बैंडवाल, सौरभ डागर, प्रथम पाल, प्रेमनाथ ग़ौहर, श्याम शर्मा, जितेंद्र बाबा,



# गोगादेवजी के जयकारों के साथ मंच से होगा सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। म.प्र. श्रम जीवी सफाई कर्मचारी संघ, भारतीय मजदूर संघ से जुड़े ईश्वरलाल विश्नार ने बताया कि कल गोगादेवजी के प्रकोटोत्सव पर राजबाडा पर 28 बस्तियों से आने वाले निशान का पूजन किया जाएगा और उस्ताद, भगत, खलीफाओं का मंच द्वारा सम्मान किया जावेगा। वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ दिवंगतों की स्मृति में पुरस्कार स्वरूप शील्ड भेंट की जायेगी। यह भी अपील की गई कि सभी वाल्मीकि समाजजन राजबाडा से कतारबद्ध होकर गोगादेवजी मंदिर पंढरीनाथ तक पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। संस्था द्वारा वरिष्ठों के अलावा समाजजनों का भी सम्मान किया जाएगा। आयोजन से ईश्वरलाल विश्नार, सुरेश लाहोरे, बलराम चिंतामण, मुकेश गौसर, चंदन तेजी, योगेश लाहोरे, अरुण चिन्तामण, चौ. राजू चनाल, विकास नरवाले, कुंदनलाल संगेलिया सहित अन्य जुड़े है।

## फाउंडेशन द्वारा व्याख्यान एवं शिक्षक सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शिक्षक दिवस के अवसर पर डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा कल 5 सितंबर को शिक्षक सम्मान एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर करियर के नए मौको का नया दौर विषय पर करियर काउंसलर डॉ जयंतीलाल भंडारी का व्याख्यान, बाल विनय मंदिर छत्रीबाग के सभागृह में आयोजित किया जाएगा।

## सोसायटी द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन होगा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। खजराना एजुकेशनल एंड मल्टीपर्पस सोसायटी केईएस द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन 6 सितंबर को सुबह 10 बजे न्यू तालीम गर्ल्स स्कूल खजराना में आयोजित होगा।

## शिक्षा सेवाएं पूर्ण होने पर सम्मान



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शासकीय स्कूल नया बसेरा गांधी नगर से कई वर्षों की शिक्षा सेवा देने के बाद पूर्णिमा शुक्ला सेवानिवृत्त हुई तो उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। निहारिका राठौर, रविन्द्र ठाकुर, श्री बैरागी, विश्वास दुबे, राजेश शुक्ला, शारदा मिश्रा मौजूद थे। डॉ. कमल साबू ने बधाई दी।



## 51 शिक्षकों को 'शिक्षक गौरव अलंकरण'

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट एवं इन्दौर सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित समारोह में 51 शासकीय शिक्षकों को सिरपुर स्कूल में 'शिक्षक गौरव अलंकरण' से सम्मानित किया गया।प्रकाश मानावत, डॉ. जयंतीलाल भंडारी, माला ठाकुर, प्रो. राजीव शर्मा, अशोक चौहान, सतीश बैरागी, जितेन्द्र यादव, सुनील चौधरी, एहसान अली, कमल सोनी, मदनलाल सोलंकी एवं मनीष जोशी, द्वारका चौरसिया सहित अन्य मौजूद थे।

## संगीतमय भजनों का कार्यक्रम आज दोपहर से शाम तक

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बावरा कराओके द्वारा आज भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर संगीतमय् भजनों का कार्यक्रम आज दोपहर 2 बजे से लेकर संध्या 6 बजे तक स्थान दशरथ सेवा आश्रम 54.55 चाणक्यपुरी बगीचे के सामने अन्नपूर्णा मंदिर के आगे रखा गया है।

## पुलिसकर्मियों को बांधे रक्षासूत्र

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। गांधी नगर थाना पर महिलाओं ने पहुंचकर थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों को रक्षासूत्र बांधे। पुलिसकर्मियों ने भी बहनों की रक्षा का वादा किया। थाना प्रभारी अनिल यादव,मीना चौहान और कैलाश पिछोलिया, हेमलता डांगरे उपस्थित थे।



# संगीत के माध्यम से गीतांजलि

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सी एन मेलोडियस म्यूजिकल ग्रुप द्वारा गायक मुकेश, रफ़ी और किशोर कुमार को संगीत संध्या के माध्यम से याद किया गया। ग़ीतों की प्रस्तुति संगीत के साथ दी गई। गायक नरेश बिरथरे, अतिथि गायक राजेश सिंह चंद्रावत, पवन सिरसाठ, शशिकांत तायडे, बसंत ठक्कर, विजय दीक्षित, हीरू मोदी, सतीश केशवानी, राजेंद्र खांडेकर, वीरेंद्र सिंह भाटी, परमजीत सिंह अवल, एच एस राजपाल, नरेंद्र कुशवाह, अशोक ठाकुर, रितेश खरे, मुकुल हिंगोले, चंद्रशेखर देवराज एवं गायिकाएं राज राजेश्वरी, श्वेता शर्मा, इंदु खांडेकर, पूर्णिमा होल्कर, कविता शाह, डॉ. ज्योति गोमे, पूर्णिमा तायडे ने प्रस्तुतियां दी।



# अधिवक्ताओं को बांधे रक्षा सूत्र

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। रक्षाबंधन के अवसर पर इंदौर अभिभाषक संघ द्वारा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बहनों ने उपस्थित अधिवक्ताओं को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं तथा तनावमुक्त एवं सकारात्मक जीवन जीने के लिए मेडिटेशन सहित विभिन्न उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान लगभग 100 अधिवक्ताओं को रक्षा सूत्र बांधे गए। अभिभाषक राकेश पाल, दिलीप राजपाल, संजय मेहरा, धर्मेन्द्र गुर्जर सहित अन्य मौजूद थे।



## 'नेगोशिएशन' मास्टर क्लास ने बनाया गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार में नेगोशिएशन की कला पर आयोजित सबसे बड़ी ऑनलाइन सत्र के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बना ली है। यह रिकॉर्ड प्रयास 3 सितंबर को प्रेस्टीज एजुकेशन फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ डेविश जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इसमें इंदौर, देवास, भोपाल और ग्वालियर स्थित पीआईएमआर परिसरों के सैकड़ों छात्र और संकाय सदस्य शामिल हुए। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने इस सत्र को अपनी श्रेणी में सबसे बड़ा मानते हुए प्रोविजनल सर्टिफिकेट जारी किया है।



## आई.पी.एस. एकेडमी में दीक्षारंभ समारोह

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आई.पी.एस. एकेडमी, आई.बी.एम.आर., इंदौर में बी.बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, आधुनिक तकनीक और जीवन मूल्यों के महत्व से अवगत कराया गया। डॉ. संदीप अत्रे, प्रो. राजीव लक्ष्मण करंदीकर,अंबर अरूंदेकर, योगेन्द्र जैन, निधि जैन, निषित जैन, डॉ. विवेक सिंह कुशवाह, डॉ. माधुरी गेही एवं डॉ. सपना आडवाणी, डॉ. सी.के. गोयल ने अपनी भूमिका निभाई।

# दूध उत्पादक किसानों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। दूध उत्पादक किसानों की लगातार बढ़ती समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर भारतीय किसान एवं मजदूर सेना ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम सांची दुग्ध संघ इंदौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशाल मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। किसानों के हित में तत्काल निर्णय लेने की मांग की। संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि वर्तमान समय में पशुपालन की लागत लगातार बढ़ रही है। पशु आहार, हरा एवं सूखा चारा, दवाइयां, बिजली, मजदूरी सहित अन्य खर्च बढ़ने के बावजूद किसानों को दूध का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। ऐसी स्थिति में दुग्ध उत्पादक किसानों के लिए पशुपालन आर्थिक रूप से कठिन होता जा रहा है।इसलिए दूध का क्रय मूल्य बढ़ाकर 12 रुपये प्रति फैट किया जाना आवश्यक है। ज्ञापन में ग्राम स्तरीय दुग्ध समितियों एवं बीएमसी से सांची दुग्ध संघ तक पहुंचने वाले दूध के फैट में आ रही विसंगतियों की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई। किसान नेताओं ने कहा कि जांच में यदि किसी स्तर पर गड़बड़ी या लापरवाही सामने आती है तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। उक्त जानकारी किसान नेता बबलू जाधव ने दी।



## श्यामा परिवार से जुड़े श्रद्धालु बद्रीनाथ धाम पर करा रहे है कथा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पावन तीर्थ चारधाम में से एक बद्रीनाथ पर श्यामा परिवार इन्दौरी भक्त मंडल द्वारा कथा का आयोजन मयंक व्यास के श्रीमुख से कराया जा रहा है। कथा के पूर्व शोभायात्रा निकाली गई। शिव जिंदल, राजेश गर्ग, कैलाश बंसल, शशि गर्ग, पुष्पा बंसल सहित अन्य इन्दौरी कथा में मौजूद है।

## संपादकीय

# मतदाता सूची से नाम हटाने पर सवाल, एसआईआर में गलतियों की जिम्मेदारी कौन लेगा?

झारखंड के गोड्डा जिले में जिस तरह कई लोगों के नाम मतदाता सूची से हटवाने के लिए परिपत्र-7 के दुरुपयोग का प्रयास सामने आया है, उससे एक बार फिर एसआइआर प्रक्रिया की शुचिता कठघरे में खड़ी हुई है। समूचा मामला दरअसल निर्वाचन आयोग की साख पर सवाल उठाता है, जिसकी लापरवाही की वजह से न जाने कितने लोग मतदाता सूची से बाहर हुए और उन्हें मतदान के अधिकार से वंचित होना पड़ा। इससे किसी को भी असहमति नहीं होगी कि देश की चुनाव प्रक्रिया में सिर्फ वैध मतदाता को ही मतदान करने का अधिकार मिले। साथ ही संबंधित क्षेत्र की मतदाता सूची में वैसे लोगों के नाम हटा दिए जाएं, जिनकी या तो मौत हो गई या फिर वे वहां से स्थायी रूप से विस्थापित हो गए। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर का उद्देश्य यही बताया गया है कि इस अभियान के जरिए वैध और पात्र मतदाताओं के वोट देने का हक सुनिश्चित किया जाएगा। सवाल है कि इस अभियान के दौरान अगर गलत तरीके से मतदाताओं के नाम सूची से हटाने की कोशिश भी हो रही है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? झारखंड के गोड्डा जिले में जिस तरह कई लोगों के नाम मतदाता सूची से हटवाने के लिए परिपत्र-7 के दुरुपयोग का प्रयास सामने आया है, उससे एक बार फिर एसआइआर प्रक्रिया की शुचिता कठघरे में खड़ी हुई है। इससे पहले भी अलग-अलग कारणों से एसआइआर के जरिए बेलगाम तरीके से मतदाताओं के नाम सूची से हटाने के आरोप लगते रहे हैं। यह अपने आप में विचित्र है कि निर्वाचन आयोग अपने जिस अभियान को केवल वैध मतदाताओं के मतदान का हक सुनिश्चित करने का जरिया बता रहा है, उसी में ऐसे अनेक उदाहरण सामने आ रहे हैं, जिनमें गलत तरीके से सूची से नाम हटाए जाने के आरोप लगे हैं। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों के पहले जो एसआइआर की प्रक्रिया संचालित की गई थी, उसमें लाखों लोग मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए। जब विपक्षी दलों ने इसके खिलाफ आवाज उठाई और मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, तो उसके बाद अपीलीय न्यायाधिकरणों के जरिए इसका समाधान निकालने की कोशिश की गई। अब अपील और उसके बाद जैसी तस्वीर उभर रही है, उसने एक तरह से निर्वाचन आयोग के कामकाज पर गंभीर सवाल उठाए हैं। दरअसल, हाल ही में आई खबर के मुताबिक, शुरुआती दौर में ही न्यायाधिकरणों में सूची से हटाए जाने के जितने मामले पहुंचे, उनमें से 91 फीसद लोगों के मताधिकार को वैध पाया गया और उनका नाम फिर से मतदाता सूची में शामिल किया गया। इस बीच राज्य में विधानसभा चुनाव हुए और सूची में दोबारा शामिल होने के बावजूद ऐसे लोग वोट नहीं दे सके। सवाल है कि इस सबकी जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा? झारखंड और पश्चिम बंगाल में भाजपा के कार्यकर्ताओं पर वैसे मतदाताओं के भी नाम हटवाने के लिए सुनियोजित तरीके से परिपत्र-7 का बेजा इस्तेमाल करने के आरोप सामने आए, जो अपने पते पर मौजूद थे। झारखंड के गोड्डा में बूथ स्तरीय अधिकारी यानी बीएलओ ने कुछ लोगों की ओर से दिए गए परिपत्र-7 पर सवाल उठाए और कहा कि जिनका नाम हटाने के लिए 'पते पर मौजूद नहीं' या 'स्थानांतरित' की श्रेणी के तहत यह आवेदन दिया जा रहा है, वे लोग लंबे समय से अपने पते पर रह रहे हैं और वैध मतदाता हैं। अब इस बात की क्या गारंटी है कि समूची एसआइआर की प्रक्रिया में अलग-अलग राज्यों में ऐसा बड़े पैमाने पर नहीं किया गया होगा। क्या यही वजह नहीं है कि पश्चिम बंगाल में अपीलीय न्यायाधिकरणों में तकरीबन 91 फीसद लोगों के नाम को फिर से मतदाता सूची में शामिल करना पड़ा? यह समूचा मामला दरअसल निर्वाचन आयोग की साख पर सवाल उठाता है, जिसकी लापरवाही की वजह से न जाने कितने लोग मतदाता सूची से बाहर हुए और उन्हें मतदान के अधिकार से वंचित होना पड़ा।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 149800 | 155230 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 236500 | 241100 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# समूह लोन की किश्त लेने गए रिकवरी एजेंट से मारपीट

## ग्राहक के पति और दोस्त ने पीटा

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र के रुस्तम का बगीचा इलाके में समूह लोन की किश्त वसूलने गए एक फाइनेंस रिकवरी एजेंट के साथ मारपीट की गई।किश्त के पैसे जुटाने के दौरान महिला ग्राहक के पति और उसके दोस्त ने मौके पर पहुंचकर एजेंट के साथ गाली-गलौज करते हुए हाथ-थप्पड़ों से मारपीट कर दी। तुकोगंज पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी और उसके साथी पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, पुमार्थ ग्रुप कॉलोनी मांगलिया निवासी पवन गुर्जर पिता भोलू सिंह गुर्जर, मूल निवासी- ग्राम आगरी, जिला देवास ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि वह रुस्तम का बगीचा निवासी अपनी ग्राहक रोशनी से समूह लोन की किश्त की राशि लेने गया था। रोशनी ने किश्त के आधे पैसे दे दिए थे और बाकी पैसों का इंतजाम करने के लिए पवन को थोड़ा रुकने को कहा। इसी बीच रोशनी का पति विजय अपने एक साथी के साथ एक्टिवा स्कूटर से वहां पहुंचा और पवन को देखते ही अश्लील गालियां देने लगा। पवन ने जब गाली-गलौज करने से मना किया, तो दोनों आरोपियों ने एकमत होकर पवन के साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी।

# इन्वेस्टमेंट के नाम पर 1.29 लाख की धोखाधड़ी

## कंपनी का कर्मचारी बनकर ठगों ने लगाया चूना

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र में फर्जी इन्वेस्टमेंट कंपनी का कर्मचारी बनकर लाखों रुपये की चपत लगाने का मामला सामने आया है। शातिर जालसाजों ने पीड़ित को झांसे में लेकर ऑनलाइन निवेश के नाम पर 1,29,312 ऐंठ लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी समेत फर्जी मोबाइल नंबर धारकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, रेसकोर्स रोड स्थित इंफिनिक्स इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड शिवानी कॉर्पोरेट हाउस के महावीर जैन ने तुकोगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि मोबाइल नंबर 7987467534 के जरिए उनकी बात आरोपी मयंक चंद्रावंत निवासीनंदा नगर, सिम नंबर 6232015166 और अन्य मोबाइल नंबरों 7241160397, 8085079287, 7024534091के धारकों से हुई थी। आरोपियों ने खुद को एक जानी-मानी इन्वेस्टमेंट कंपनी का अधिकृत कर्मचारी बताया और पीड़ित को शेयर इन्वेस्टमेंट में भारी मुनाफे का लालच दिया। आरोपियों के झांसे में आकर फरियादी ने अलग-अलग किश्तों में कुल 1,29,312 ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। बाद में रकम वापस न मिलने और ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस का दरवाजा खटखटाया। तुकोगंज थाना पुलिस ने मयंक चंद्रावंत और संबंधित मोबाइल नंबरों के धारकों के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

# चंद्रभागा क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए निगम की केविएट

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर निगम के द्वारा चंद्रभागा क्षेत्र में सड़क का निर्माण करने के लिए न्यायालय में क़ेविएट लगाई गई है। इसके माध्यम से सरवटे बस स्टैंड से गंगवाल बस स्टैंड तक सडक के अधूरे निर्माण को पूरा करने की कोशिश की जा रहीं हैं।

नगर निगम के द्वारा पूर्व महापौर मालिनी गौड के कार्यकाल में सरवटे बस स्टैंड से गंगवाल बस स्टैंड तक एक नई सड़क के निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। यह कार्य धीमी गति से चला और कुछ क्षेत्रों में सड़क बनने के बाद बाकी क्षेत्रों में काम रुक गया। महापौर के रूप में मालिनी गौड का कार्यकाल पूरा होने के बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा अपने कार्यकाल में भी इस सड़क के काम को आगे बढ़ाया गया। इसके बावजूद अब तक यह सड़क पूरी नहीं बन सकी है। इस सड़क के बचे हुए क्षेत्र सरवटे बस स्टैंड जूनी इंदौर ब्रिज से चंद्रभागा होते हुए मच्छी बाजार चौराहे तक के काम को अब जल्दी आकार देने की कोशिश की जा रही है। इस कोशिश के तहत नगर निगम के द्वारा न्यायालय में केविएट लगा दी गई है। इसके माध्यम से मास्टर प्लान में प्रावधान की गई इस सड़क का 18 मीटर चौड़ाई में निर्माण सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है। अब आगे जो नगर निगम काम शुरू करेगा उसमें कोई भी सड़क में बाधक निर्माण का स्वामी न्यायालय में जाकर एक तरफा स्टे लाकर काम नहीं रुकवा सके इस मकसद से नगर निगम के द्वारा यह केविएट लगाई गई है। इस बारे में सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन करते हुए जनता को भी जानकारी दे दी गई है। अब बारिश का मौसम समाप्त होते ही नगर निगम का जोर इस काम को पूरा करवाने पर रहेगा।

# महिला की संदिग्ध मौत

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** एमआईजी थाना क्षेत्र के सोमनाथ की जूनी चाल में रहने वाली आरती पति गगन (35) की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि परिजन संदिग्ध हालात में आरती को लेकर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# राष्ट्रीय सीनियर किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 8 से इंदौर में

**इंदौर।** एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन आफ मध्य प्रदेश, व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान मे वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के सानिध्य में सीनियर एवं मास्टर्स राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप (महिला पुरुष) का आयोजन 8 से 12 सितंबर तक इंदौर में किया जाएगा।

एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ़ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष विनोद सोनडवले एवं महासचिव आशुतोष दाधीच ने बताया कि यह प्रतिष्ठित चैंपियनशिप के आधार पर चयनित खिलाड़ियों आगामी वाको एशियन किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे यह चैंपियनशिप कंबोडिया में आयोजित होगी। साथ ही किकबॉक्सिंग सुपर लीग के लिए भी स्क्रीनिंग की जाएगी। सीनियर एवं मास्टर्स राष्ट्रीय सीनियर किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप (महिला पुरुष) में भाग लेने वाली टीमें वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन से सम्बद्धता प्राप्त राज्यों की किकबॉक्सिंग टीमें होंगी, जिनमें मध्य प्रदेश सहित 1100 खिलाड़ीयो से अधिक एवं 200 ऑफिशल्स एवं 50 राज्य प्रतिनिधि शामिल होंगे। वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन भारत सरकार के युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय तथा भारतीय खेल प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त संस्था किकबॉक्सिंग स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई ) द्वारा संचालित खेलो इंडिया प्रतियोगिता में भी सम्मिलित है।

# 25 हजार भेजने का फर्जी मैसेज भेजकर झांसे में लिया, 70 हजार रुपये ऐंठे

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में साइबर ठगी की एक अनोखी वारदात सामने आई है, जहां एक शातिर जालसाज ने परिचित का नाम लेकर फरियादी को अपने झांसे में लिया और फर्जी ट्रांजेक्शन का मैसेज दिखाकर 70 हजार रुपये ऐंठ लिए। खाते से रकम कटने और कोई पैसा प्राप्त न होने पर पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने संदेही मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चंदन नगर पुलिस के अनुसार, पीड़ित जयसिंह पिता ओंकारसिंह सोलंकी निवासी धार रोड, ग्राम सिरपुर ने थाने पहुंचकर आपबीती दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि आरोपी ने फोन कर उनसे संपर्क किया और खुद को परिचित बताते हुए कहा कि अजय भाई, मैं आपको जानता हूं। मैं आपके खाते में 25 हजार रुपये ट्रांसफर कर रहा हूं, आप यह राशि मेरे बताए गए दूसरे नंबर पर भेज दीजिए।आरोपी ने इसके बाद पीड़ित के मोबाइल पर एक फर्जी पैसे जमा होने का मैसेज भी भेजा। मैसेज देखकर फरियादी आरोपी के झांसे में आ गया और उसने पहले 10 हजार और फिर 15 हजार रुपये बताए गए नंबर पर ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद ठग ने 50 हजार रुपये और भेजने का फर्जी मैसेज दिखाकर दोबारा झांसा दिया और 10-10 हजार रुपये चार बार तथा 5 हजार रुपये एक बार में करवाकर कुल 70 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। जब फरियादी ने अपना बैंक बैलेंस चेक किया, तो खाते में कोई रकम जमा ही नहीं हुई थी। ठगी का अहसास होते ही पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मोबाइल नंबर धारक आरोपी कपिल के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर मोबाइल लोकेशन और बैंक खातों की मदद से जांच शुरू कर दी है।

# श्री यशोदा माता मंदिर का इतिहास

आज से 200 वर्ष पूर्व यशोदा माता मंदिर की स्थापना पं. आनंदीलालजी दीक्षित द्वारा की गई थी, मंदिर में यशोद माता की प्रतिमा है जिसमें माता अपनी गोद में भगवान श्रीकृष्ण को लेकर विराजमान है। दूसरी तरफ गवान श्रीकृष्ण गोर्वधन पर्वत को अपनी चीटी उंगली पर लेकर खड़े है आस-पास राधा रुकमणी विराजमान है तथा दो ग्वाल बाल एवं गायें भी विराजित है। भारतवर्ष में यशोदा माता मंदिर एकमात्र है और यह इंदौर शहर के हृदय स्थल खजूरी बाजार में स्थित है यह मूर्तियाँ जयपुर से बैलगाड़ी द्वारा इन्दौर लाई गई थी। यहाँ जन्माष्टमी महोत्सव प्रतिवर्ष बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर इन्दौर एवं आसपास के शहरों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्तजन दर्शन कर अपने को धन्य पाते है। माता यशोदा का चमत्कार है कि जिन महिलाओं को संतान नहीं है वे मंदिर में आकर माता की बंद भरती है तो उनके यहाँ संतान प्राप्त होती है। जन्माष्टमी पर्व मंदिर स्थापना से सतत् मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से तीन दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जा रहा है। मंदिर में वर्ष में लगातार धार्मिक कार्यक्रम भजन, पूजन, अभिषेक, एवं विशेष अवसरों पर मनमोहक आकर्षक श्रृंगार किया जाता है। जन्माष्टमी के दिन विशेष रूप से सिंघाड़े के आटे को शुद्ध घी में सेककर मेवायुक्त पंजेरी जिसमें सभी मेवों का मिश्रण किया जाता है इसके साथ मिश्री एवं माखन का प्रसाद विशेष एवं चरणामृत के साथ फलों का प्रसाद सतत् बांटा जाता है। मंदिर के प्रथम महंत श्री आनंदीलालजी दीक्षित थे उनके बाद उनकी सुपुत्री मंहतानी बन्त्रपूर्णाबाई ने संभालते हुए मंदिर की परंपरा को कायम रखा। उनके बाद ब्रह्मलीन महन्त राजेन्द्रकुमार दीक्षित ने चालीस वर्षों तक इस मंदिर का संचालन किया। वर्तमान में ब्रह्मलीन महन्त राजेन्द्रकुमार दीक्षित के सुपुत्र पं. महेन्द्रकुमार दीक्षित एवं मनीषकुमार दीक्षित इस मंदिर का संचालन कर रहे है।

**- महन्त पं.महेन्द्र दीक्षित**



## गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल स्पर्धा प्रारंभ

**इंदौर।** इंदौर के एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल और गुना के वंदना कान्वेंट स्कूल की टीमों ने गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल स्पर्धा में जीत के साथ अभियान की शुरुआत की। नॉकआउट आधार पर हो रही स्पर्धा में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में 114 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

आयोजित राज्य स्तरीय स्पर्धा का शुभारंभ भारतीय बास्केटबॉल संघ के महासचिव और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कुलविंदर सिंह गिल, मप्र बास्केटबॉल संघ के महासचिव अविनाश आनंद और स्कूल के निदेशक गोपाल अग्रवाल के आतिथ्य में हुआ। इस दौरान एकेडमिक डायरेक्टर ट्रेवर रोनाल्ड ब्राउन और स्पोर्ट्स डीन डगलस ब्राउन भी उपस्थित थे। स्पर्धा के पर्यवेक्षक अनुराज हार्डिया और धर्मेंद्र सिंह चंद्रावत को भी सम्मानित किया गया।

अंडर-14 आयु वर्ग में गुना के वंदना कान्वेंट स्कूल ने भोपाल के डीपीएस को 36-19 अंकों से हराया जबकि इंदौर के एमरल्ड हाइट्स स्कूल ने इंदौर के ही शिशुकुंज स्कूल को 23-11 अंकों से शिकस्त दी। अंडर-17 आयु वर्ग में भोपाल के कैंपियन स्कूल की टीम ने इंदौर के लिटिल एंजिल स्कूल को 29-21 अंकों से हराया। अन्य मैच में इंदौर के एनी बेसेंट स्कूल ने उज्जैन के सेंट पाल स्कूल की टीम को 29-15 अंकों से पराजित किया। अंडर-19 आयु वर्ग में इंदौर के सेंट पाल स्कूल की टीम ने सागर के दीपक मेमोरियल स्कूल की टीम को 29-11 अंकों से आसानी से पराजित किया।

# वाहन पार्किंग के नाम पर पैसा लेने पर नाराजगी




**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** खटवांग उद्यान नंदलालपुरा सब्जी मंडी के बाहर वाहन चालकों से पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। कई बार तो घंटों के हिसाब से पैसों की वसूली होती है इसके लिए नगर निगम मुख्यालय और झोन में भी शिकायत की गई थी। पीडितों का कहना है कि निगम द्वारा बेसमेंट पार्किंग का ठेका दिया गया है, लेकिन ठेकेदार द्वारा ठेका सीमा से बाहर, उद्यान के मुख्य गेट और पास की सब्जी मंडी मार्केट तक अवैध रूप से वसूली की जा रही है। पार्किंग संचालक द्वारा खुद ही बोर्ड लगाकर पूरे क्षेत्र को नो-पार्किंग घोषित कर दिया गया है, जबकि संबंधित विभागों ने ऐसे बोर्ड लगाने से साफ इंकार किया है। स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि बाहर से आने वाले ग्राहकों और व्यापारियों की गाड़ियों को रोककर प्रति गाड़ी बडी वसूली की जा रही है। इससे ग्राहक मंडी में आने से कतरा रहे हैं और आसपास के व्यापारियों का व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस अवैध वसूली की शिकायत कई बार नगर निगम अधिकारियों से की जा चुकी है, बावजूद इसके न तो बोर्ड हटाए गए और न ही वसूली पर रोक लगी। वहीं अब आक्रोशित रहवासियों और व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस अवैध वसूली को नहीं रोका गया तो आसपास के रहवासी और व्यापारी मिलकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी नगर

# इंटर-स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 आयोजित

**इंदौर।** फिटनेस और सेहत दोनों के लिए एक शानदार व्यायाम है बैडमिंटन । इसी विचार के साथ चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल द्वारा 2 दिवसीय द्वितीय इंटर-स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 का आयोजन किया गया। 1 तथा 2 सितम्बर 2026 को स्कूल के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस टूर्नामेंट में शहर के विभिन्न स्कूलों से बैडमिंटन खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और प्रतिभा के साथ ही खेल भावना तथा खेल के प्रति दृढनिश्चय का भी प्रदर्शन किया।

चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन मयूरी अतरौलिया, प्रिंसिपल, चोइथराम कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस ने किया। उन्होंने प्रतिस्पर्धा में भाग ले रहे बच्चों को खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित किया और उन्हें खेल भावना को साथ लेकर चलने की प्रेरणा भी दी। इस आयोजन ने युवा खिलाड़ियों को एक ऐसा मंच प्रदान किया जहां वे अपने खेल के उत्तम प्रदर्शन के साथ ही, टीम वर्क, अनुशासन, निष्पक्षता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के बारे में सीखने और इन मूल्यों के साथ दृढ़ता से आगे बढ़ने की प्रेरणा पायेंगे। हम सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को एक यादगार और रोमांच से भरपूर चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

## न्यायालय तहसीलदार तहसील भिचौली हप्सी, इन्दौर

क्रमांक/3354/रीडर/2026 दिनांक-20/08/2026
प्रकरण क्र.1020/अ-6/26-27

### -:उद्घोषणा:-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती वीना पति जयप्रकाश चौहान निवासी- मिशन इंगलिश विद्यालय के पास लक्ष्मी विहार कॉलानी सिविल लाईन बदायू उ.प्र. द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर विक्रय पत्र क्र. MP71GR17522026A100490780 दिनांक 24/04/2026 के आधार पर ग्राम सनावदिया स्थित भूमि सर्वे नंबर 679/2/1 रकबा 0.130 हेक्टेयर भूमि पर अनावेदक अजमल पिता कासम पटेल, असलम पिता बापु उर्फ बाबू दोनों निवासी-222 मुंडला नायता कस्तुरबा ग्राम इंदौर के स्थान पर राजस्व रिकार्ड मे नामांतरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक 7/09126 ..तक अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय मे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**तहसील-भिचौली हप्सी इन्दौर**

## न्यायालय तहसीलदार तहसील भिचौली हप्सी, इन्दौर

क्रमांक/3356/रीडर/2026 दिनांक-20/08/2026
प्रकरण क्र.1021/अ-6/26-27

### -:उद्घोषणा:-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अनुपमा सिंह पति विजेंद्रसिंह सोलंकी निवासी 21 रॉयल रेसीडेंसी कोठारी कालेज के सामने पिपलियाहाना इंदौर द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर विक्रय पत्र क्रमांक MP71GR17522026A100490798 दिनांक 24/04/2026 के आधार पर ग्राम सनावदिया स्थित भूमि सर्वे नंबर 679/2/1 रकबा 0.111 हेक्टेयर भूमि पर अनावेदक अजमल पिता कासम पटेल, असलम पिता बापु उर्फ बाबू दोनों निवासी 222 मुंडला नायता कस्तुरबा ग्राम इंदौर के स्थान पर राजस्व रिकार्ड मे नामांतरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक 7/09/2026 तक अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय मे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**तहसील-भिचौली हप्सी इन्दौर**

## न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील जूनी इन्दौर जिला इंदौर

क्र./219/री/2026 दिनांक-27/08/2026
प्रकरण क्र. /अ-20( 3 )/2026-27

### ::उद्घोषणा::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सम्भागीय जनसम्पर्क कार्यालय इन्दौर पुष्पेन्द्र वास्कले उपसंचालक द्वारा पिपल्याराव तहसील जूनी इन्दौर स्थित सर्वे नं. 19, 20/1, 21/1, 22/2 रकबा 0.755 हे. में से 0.139 हे. भूमि जनसम्पर्क कार्यालय के पक्ष में भूमि हस्तांतरण करने हेतु म.प्र. नजूल निर्वतन निर्देश 2020 के अन्तर्गत भूमि आवंटन करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि के आवंटन के सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो उद्घोषणा जारी दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया ज़ावेगा।

आज दिनांक 27/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील जूनी इन्दौर**

**जी-18128/26**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक, निर्माण विभाग, सम्भाग आलीराजपुर (म.प्र.)

**सिनेमा चौराहा कुक्षी रोड आलीराजपुर ई-मेल eepwdali@gov.in**

### निविदा सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक11/व.ले.लि./वर्ष-2026-27** **आलीराजपुर दिनांक-3.09.2026**

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | पोर्टल पर टेण्डर आई.डी. क्रमांक | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | पी.ए.सी. राशि (रु. लाख में) | अमानत राशि (रुपये) | निविदा शुल्क राशि (रुपये) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB_533712_1 | चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य। | लोक निर्माण विभाग उपसम्भाग आलीराजपुर के अन्तर्गत इंदरसिंह की चौकी पहुंच मार्ग लम्बाई 260 कि.मी. का चौडीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य। | द्वितीय | 216.92 | 216920.00 | 15000.00 | 06 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| | | **योग-** | | | **216.92** | **216920.00** | **15000.00** | |

उपरोक्त वेबसाइट पर आनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारम्भ दिनांक 03/09/2026 दोपहर 2.00 एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18/09/2026 सायं 6.00 बजे निर्धारित है। निविदा दिनांक 21/09/2026 को खोली जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पोर्टल पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पोर्टल पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। ई-ई.एम..डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से ही स्वीकार की जावेगी।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग सम्भाग आलीराजपुर**

**जी-18088/26**

# भारतीय महिलाएं सेमीफाइनल में, कल पाक से भिड़ंत

**दुबई।** यूएई में खेले जा रहे महिला एशिया कप 2026 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। हरमनप्रीत कौर की कमान वाली भारतीय टीम ने हांगकांग को 137 रनों के विशाल अंतर से करारी शिकस्त देकर सबसे पहले सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर लिया है। सात बार की चैंपियन भारत ने ग्रुप-ए में लगातार दो जीत और ₹5.775 की शानदार नेट रन रेट के साथ शीर्ष स्थान पर अपनी जगह मजबूत कर ली है। अब भारतीय टीम 5 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करने उतरेगी। पाकिस्तान की महिला टीम दूसरे स्थान पर मौजूद है। उन्हें सेमीफाइनल में जाने के लिए भारत या हांग कांग में से किसी एक के खिलाफ जीत हासिल करनी ही होगी।

भारतीय टीम की इस धमाकेदार जीत की स्टार ओपनर स्मृति मंधाना रहीं। मंधाना ने हांगकांग के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए महज 64 गेंदों में 14



चौकों और 7 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 124 रनों की तूफानी पारी खेली। उन्होंने अपना शतक 57 गेंदों में पूरा किया।

यह मंधाना का इंटरनेशनल क्रिकेट में 18वां शतक था। इसके साथ ही उन्होंने महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में ऑस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग और साउथ अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट (17-17 शतक) को पीछे छोड़कर इतिहास रच दिया। मंधाना अब महिला क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा इंटरनेशनल शतक लगाने वाली दुनिया की नंबर-1 बल्लेबाज बन गई हैं।

दुबई में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 193 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। मंधाना के 124 रनों के अलावा शेफाली वर्मा ने 17 गेंदों में 28 रनों की आक्रामक पारी खेली। 194 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हांगकांग की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने पूरी तरह बेबस नजर आई और 16.2 ओवर में महज 56 रनों पर ढेर हो गई। भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने घातक गेंदबाजी करते हुए केवल 9 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जबकि नंदनी शर्मा, प्रेमा रावत और श्री चरणी ने 2-2 विकेट हासिल किए।

# स्मृति मंधाना ने 124 रन जड़कर रिकॉर्ड्स की बरसात की

**नई दिल्ली।** महिला एशिया कप 2026 में भारत की तरफ से स्मृति मंधाना ने शतक लगाया। हांगकांग के खिलाफ दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर स्मृति के बल्ले से 124 रन निकले। उन्होंने सिर्फ 64 गेंदों का सामना किया और 193.75 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इस पारी में स्मृति ने 14 चौके और 7 छक्के मारे। अपनी पारी के दौरान स्मृति ने कई बड़े विश्व रिकॉर्ड के साथ ही भारतीय रिकॉर्ड तोड़े। हम आपको ऐसे ही 5 रिकॉर्ड्स के बारे में बताते हैं।

**महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक–** स्मृति मंधाना के नाम महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। ऑस्ट्रेलिया की मेग लेनिंग और



साउथ अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट के नाम 17-17 शतक हैं। स्मृति का शतकों की संख्या 18 हो गई है।

**महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन-** स्मृति मंधाना के नाम महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन हो गया है। अभी तक रिकॉर्ड मिताली राज के नाम दर्ज था। 333 मैचों में उनके 10868 रन था। स्मृति के 302 मैचों में 10880 रन हो गए हैं। 10740 रनों के साथ सूजी बेट्स तीसरे नंबर पर हैं।

**भारत के लिए महिला टी20 इंटरनेशनल में सबसे बड़ी पारी-** स्मृति मंधाना 124 रनों की पारी खेलकर आउट हुईं। यह महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारतीय बल्लेबाज की सबसे बड़ी पारी है। इससे पहले रिकॉर्ड स्मृति के ही नाम था। उन्होंने 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ 112 रन बनाए थे।

**महिला टी20 एशिया कप में सबसे बड़ी पारी–** श्रीलंका की चमारी अटापट्टू के नाम महिला एशिया कप में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड था। 2024 में मलेशिया के खिलाफ उन्होंने 119 रन ठोके थे। 124 रन बनाकर स्मृति मंधाना ने उनका रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।

**दो टी20 इंटरनेशनल शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला-** महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में स्मृति मंधाना दो शतक लगाने वाली पहली भारतीय बल्लेबाज बन गई हैं। स्मृति के अलावा सिर्फ हरमनप्रीत कौर के नाम शतक है। उन्होंने 2018 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 103 रन ठोके थे।

# 70वीं राज्य स्तरीय शालेय शूटिंग प्रतियोगिता 7 से

**इंदौर।** राज्यस्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता 2026 अंतर्गत इंदौर में 7 से 11 सितंबर तक शूटिंग प्रतियोगिता आयोजित होगी । शालेय खेल प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में आयोजक संयुक्त संचालक अनिता चौहान और हेमंत वर्मा सहायक संचालक खेल द्वारा खेल प्रतियोगिताओं के लिए बनाई गई विभिन्न समितियों - आवास , खेल स्थल , चिकित्सा , सुरक्षा ,परिवहन आदि के लिए निर्मित समितियों की बैठक शासकीय मालव कन्या उमावि मोतीतबेला में आयोजित की जाकर व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश जारी किए।

संयुक्त संचालक अनिता चौहान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 14 ,17 ,19 वर्ष के लगभग 700 प्रतिभागी और ऑफिशियल इसमें सहभागिता करेंगे जिनके रहने की व्यवस्था खेल स्थल एमरल्ड हाइट इंटरनेशनल स्कूल राऊ के समीप महू में मारवाड़ी धर्मशाला और गोपाल मंदिर धर्मशाला में की गई है जिससे प्रतिभागियों को आवास से खेल स्थल तक पहुंचने में कोई असुविधा नहीं होगी। प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु आने वाले प्रतिभागियों को इंदौर आगमन पर आवास स्थल तक और प्रतियोगिता दिन को आवास व्यवस्था से खेल स्थल तक आयोजक द्वारा उपलब्ध कराए गए परिवहन व्यवस्था की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। खिलाड़ियों के स्वास्थ्य हेतु चिकित्सा व्यवस्था भी मौसम अनुकूल और आवास स्थल और खेल स्थल पर की गई है। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ 7 सितंबर को एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में होगा। अनिता चौहान द्वारा सभी समिति प्रभारी से उनके दायित्व के संबंध में निर्देश प्रदान कर आग्रह किया कि सभी अपने दायित्व का निर्वाह इंदौर के गौरव को बनाए रखने के लिए अच्छे से करे।

# साउथ जोन ने फाइनल के लिए धाकड़ खिलाड़ियों को बुलाया

**चेन्नई।** दलीप ट्रॉफी 2026 के फाइनल मुकाबले से पहले साउथ जोन के खेमे में ईस्ट जोन का जबर्दस्त खौफ देखने को मिल रहा है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में 6 सितंबर से शुरू होने वाले इस खिताबी मुकाबले के लिए ईस्ट जोन की घातक टीम को मात देने के इरादे से साउथ जोन ने अपने स्क्वॉड में भारतीय टीम के तीन बड़े इंटरनेशनल सितारे केएल राहुल, मोहम्मद सिराज और देवदत्त पडिक्कल को अचानक शामिल कर लिया है। बीसीसीआई और नेशनल सिलेक्टर्स ने इंटरनेशनल ड्यूटी से फ्री चल रहे इन तीनों स्टार खिलाड़ियों को फाइनल खेलने के निर्देश दिए हैं ताकि साउथ जोन को खिताबी मुकाबले में मजबूती मिल सके।

साउथ जोन का यह कदम साबित करता है कि वे ईस्ट जोन की ताकत को हल्के में लेने की भूल बिल्कुल नहीं करना चाहते। ईस्ट जोन के पास मोहम्मद शमी जैसा घातक तेज गेंदबाज मौजूद है, जो किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने में सक्षम है। इसके अलावा ईस्ट जोन के पास 15 साल के युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी और ताबड़तोड़ बल्लेबाज ईशान किशन जैसे मैच-विनर्स हैं। वैभव और ईशान की मौजूदगी ईस्ट जोन के बैटिंग ऑर्डर को बेहद खतरनाक और आक्रामक बनाती है, जिसके सामने साउथ जोन के गेंदबाजों का टिकना आसान नहीं होगा।

साउथ जोन के कप्तान तिलक वर्मा ने सेमीफाइनल में नॉर्थ जोन के खिलाफ पहली पारी में शतक और दूसरी पारी में नाबाद 51 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। हालांकि, अफगानिस्तान के खिलाफ 13 सितंबर से शुरू हो रही टी20आई सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुने जाने के कारण तिलक वर्मा, ईशान किशन और वैभव सूर्यवंशी के दलीप ट्रॉफी फाइनल में खेलने पर सस्पेंस बना हुआ है।

बीसीसीआई सूत्र के मुताबिक, अगर भारतीय टीम के हेड कोच इन तीनों खिलाड़ियों को 10 सितंबर की शाम तक दिल्ली रिपोर्ट करने की छूट देते हैं, तभी वे 6 सितंबर से शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी फाइनल में नजर आ सकेंगे। हालांकि अभी इसे लेकर कोई आधिकारिक अपडेट नहीं आया है।

# अंतरविद्यायलयीन शालेय कबड्डी व वालीबॉल खेल एवं चयन प्रतियोगिता

**इंदौर।** श्री वैष्णव एकेडमी में चार दिवसीय कबड्डी व वालीबाल खेल एवं चयन प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें इन्दौर जिले के 31 विद्यालयों के अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें आगामी संभागीय स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन किया गया। कबड्डी अंडर-17 बालक वर्ग में श्री वैष्णव एकेडमी के खिलाडियों उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर अंडर-19 बालिका वर्ग में क्रमशः एम.के.वी.वी. एवं शासकीय शारदा कन्या विद्यालय विजेता रहे। अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक वर्ग में क्रमशः श्री वैष्णव एकेडमी, मल्हार आश्रम स्कूल एवं एम.के.वी.वी. विद्यालय विजेता रहे।

प्रतियोगिता समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय उपस्थित हुए। साथ ही पदाधिकारी विक्रांत आखरे, जिला खेल अधिकारी, हेमंत वर्मा, संभागीय खेल अधिकारी, प्रकाश



गौड़, कबड्डी प्रतियोगिता समन्वयक, सचिव- इंदौर वंडर्स कबड्डी, अनिल गौड़, वरिष्ठ कबड्डी प्रशिक्षक एवं पर्यवेक्षक, ब्रजेश बागोरा, प्रो कबड्डी महिला टीम के वरिष्ठ प्रशिक्षक, हेमंत सिंह पवार, जिला योग प्रभारी, वॉलीबॉल प्रतियोगिता समन्वयक, संतोष चौधरी, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप चोपडा, सचिव महेन्द्र भुराडिया एवं प्राचार्य एच. सी. तिवारी भी उपस्थित रहे। विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप चोपडा सचिव महेन्द्र भुराडिया एवं प्राचार्य एच सी तिवारी ने विजेता टीम को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

# टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना इलाके में पत्थर मुंडला के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में राहगीर युवक की मौत हो गई। मोड़ पर कार चालक द्वारा अचानक वाहन मोड़ते समय हुई जोरदार भिड़ंत में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान रोशन पिता गुड्डू भगोरे निवासी धरमपुरी, जिला धार के रूप में हुई है। रोशन एक किराना दुकान पर काम करता था और वहीं से अपनी आजीविका चलाता था। गत 1 सितम्बर को वह पत्थर मुंडला रोड से गुजर रहा था तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार के चालक ने अचानक लापरवाही पूर्वक वाहन को टर्न लिया और कार को सीधी और जोरदार टक्कर लगने से रोशन सड़क पर गिर पड़ा और उसे सिर व शरीर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद आसपास मौजूद राहगीरों ने तुरंत एम्बुलेंस को सूचना दी और घायल रोशन को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान कल मौत हो गई। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा एवं मामले में कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

# निर्माणाधीन इमारत की छठी मंजिल से गिरा मजदूर, मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**किशनगंज थाना क्षेत्र में पिग़डंबर के समीप एक हादसा सामने आया है, जहां निर्माणाधीन 8 मंजिला इमारत पर काम कर रहा एक मजदूर संतुलन बिगड़ने से छठी मंजिल से सीधे नीचे जा गिरा। ऊंचाई से गिरने के कारण मजदूर को गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।**

मृतक की पहचान बाबू पिता जामसिंह (34) निवासी ग्राम कनोडिया, जिला धार के रूप में हुई है। वह पिगडंबर के पास स्थित एक निर्माणाधीन 8 मंजिला बिल्डिंग में मजदूरी का काम कर रहा था। काम करने के दौरान जब वह छठी मंजिल पर मौजूद था, तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे जमीन पर आ गिरा। हादसे के बाद वहां हड़कंप मच गया और साथी मजदूर तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मर्ग कायम कर लिया है।




# गौतमपुरा क्षेत्र में किसान की नृशंस हत्या

## सिर कुचलकर उतारा मौत के घात, खेत के सामने मिली लाश

**इंदौर।** देहात इलाके गौतमपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किसान की सिर कुचलकर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक का शव गांव में ही एक खेत के सामने खून से लथपथ हालत में मिला। वारदात की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मृतक विष्णु पिता रामसिंह तंवर (45) निवासी ग्राम भील बड़ौली है। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने मोहन पटेल के खेत के सामने सड़क किनारे विष्णु का शव पड़ा देखा, जिसका सिर किसी भारी वस्तु से बुरी तरह कुचला हुआ था। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना परिजनों और गौतमपुरा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिसबल और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस की शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि बुधवार देर रात से गुरुवार तड़के के बीच किसी अज्ञात आरोपी ने रंजिश या अन्य कारणों के चलते किसान की सिर कुचलकर हत्या की और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। पुलिस आसपास के लोगों और परिजनों से पूछताछ कर रही है ताकि हत्या के कारणों और वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी का सुराग लगाया जा सके।

# खेत में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के ग्राम केलोद करताल में एक 24 वर्षीय युवक द्वारा खेत में फांसी लगाकर खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। मृतक अपने माता-पिता के साथ खेत में चौकीदारी का काम करता था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान रोशन पिता मुकेश अजनारे (24)मूल निवासी ठीकरी, जिला बड़वानी के रूप में हुई है। रोशन अपने परिवार के साथ वर्तमान में केलोद करताल में एक खेत पर रहकर चौकीदारी का काम करता था। अज्ञात कारणों के चलते खेत में ही फांसी का फंदा बनाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। परिजनों ने जब उसे फंदे पर लटका देखा तो घटना का खुलासा हुआ। घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची तेजाजी नगर पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस को प्राथमिक पड़ताल में कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे युवक द्वारा उठाए गए इस आत्मघाती कदम के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच और परिजनों की पूछताछ के बाद ही आत्महत्या की असली वजह सामने आ सकेगी।

# घर में शराब पीने के दौरान भांजे और दोस्त से विवाद,बोतल मारकर किया घायल

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद और शराब के नशे में अपनों पर ही हमला करने का मामला सामने आया है। घर में बैठकर शराब पी रहे भांजे और उसके दोस्त ने बीच-बचाव करने पहुंचे मामा पर बियर की बोतल से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, बबलू पिता कन्हैयासिंह ठाकुर ने एमआईजी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि वे अपने घर पर भांजे आदित्य, उसके दोस्त गिन्नी और पंडित के साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर भांजा आदित्य और उसका दोस्त गिन्नी, अपने ही दोस्त पंडित से गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जब बबलू ने बीच-बचाव करते हुए दोनों को रोका और पंडित को पीटने का कारण पूछा, तो आदित्य और गिन्नी भड़क गए। आरोपियों ने फरियादी बबलू को अश्लील गालियां दीं और वहीं रखी बियर की खाली बोतल उठाकर उन पर हमला कर दिया। हमले में बबलू के सिर और पेट पर गंभीर चोटें आई हैं।

# गाड़ी बेचने के पैसे मांगने पर कलयुगी बेटों ने की माता-पिता से मारपीट

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में बेटों द्वारा अपने ही जन्मदाता माता-पिता के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का शर्मनाक मामला सामने आया है। मां द्वारा दिलाई गई गाड़ी बेचने और उसके पैसों का हिसाब मांगने पर दोनों बेटों ने उग्र होकर यह हरकत की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों बेटों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, जनता क्वार्टर नंदानगर निवासी अर्चना गोमे (50) ने परदेशीपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने अपने छोटे बेटे मोहित गोमे को एक गाड़ी दिलवाई थी। जब उन्होंने मोहित से पूछा कि तूने गाड़ी क्यों बेची और बेचने के बाद मिले पैसे कहां हैं तो इसी बात पर मोहित भड़क गया। मोहित अपनी मां अर्चना और पिता को गालियां देने लगा और मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच बड़ा बेटा निखिल गोमे भी वहां आ पहुंचा और वह भी माता-पिता के साथ गाली-गलौज करने लगा। जब पीड़ित दंपत्ति ने गाली देने और मारपीट से मना किया, तो दोनों बेटे वहां से भागने लगे और जाते-जाते माता-पिता को जान से मारने की धमकी दे गए।




# 500 शराब पेटियों से भरा कंटेनर किया जब्त

## शराब और ट्रक की 55 लाख से अधिक आंकी आबकारी ने कीमत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कनाडिया थाना क्षेत्र के बायपास पर आबकारी विभाग ने चैकिंग अभियान चलाया। आबकारी अधिकारी आकाश मिश्रा, निधि शर्मा ने बताया कि चैकिंग के दौरान संदिग्ध कंटेनर को रोका गया और पूछताछ की गई तो चालक असंतुष्ट जवाब देते हुए नजर आए इसके बाद कंटेनर की चैकिंग की गई जिसमें से 500 शराब की पेटियां मिली। बड़ी ब्रांड तक कि शराब कंटेनर में भरी हुई थी। विभाग ने कंटेनर और शराब की कुल कीमत करीब 55 लाख आंकी है। कार्रवाई में आबकारी विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक कंटेनर में शराब की खेप चंडीगढ़ से रवाना हुई थी। पुलिस अब कंटेनर के रूट की पड़ताल भी कर रही है। जिन राज्य और जिले से कंटेनर गुजरते हुए इन्दौर आया है, आबकारी विभाग इसकी जांच कर रहा है।

# पहले स्कूटी से कार में टक्कर मारी फिर किया चाबी के छल्ले से हमला

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में भमोरी के पास ट्रैफिक सिग्नल पर कार में टक्कर मारने के बाद विवाद होने का मामला सामने आया है। कार चालक द्वारा टोके जाने पर स्कूटी सवारों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया और मारपीट करते हुए गाड़ी की चाबी के छल्ले से हमला कर पीड़ित की आंख के पास चोट पहुंचा दी। पुलिस ने आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, एमआर 10 भाग्य लक्ष्मी कालोनी निवासी राजेश यादव पिता माखनसिंह यादव ने विजयनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि वह भमोरी के पास रेड सिग्नल होने के कारण अपनी कार रोककर खड़ा हुआ था। उसी दौरान पीछे से एक स्कूटी का चालक तेज गति व लापरवाही से आया और उसने राजेश की कार को पीछे से टक्कर मार दी। राजेश जब कार से उतरकर स्कूटी चालक से नुकसान को लेकर बात करने लगे, तो इतने में आरोपी के अन्य साथी भी वहां आ पहुँचे और गाली-गलौज करने लगे। इसी बीच एक साथी ने उकसाते हुए कहा, अमन इसको मार! जिसके बाद आरोपी अमन खान ने गाड़ी की चाबी के छल्ले से राजेश की बाईं आंख की भौंह के पास जोरदार वार कर दिया। वहीं उसके साथ खड़े दूसरे लड़के ने पीड़ित की पीठ पर डंडों घूंसों से मारपीट की।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।